तापमान अधिकतम :37°C न्यूनतम : 23°C
सेंसेक्स 81,330.56 निफ्टी 24,666.90
चांदी 96,555 सोना 97,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स

मेरठ, गुरुवार 15 मई 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 349 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 16 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## CDS व तीनों सेना प्रमुखों ने राष्ट्रपति को दी ऑपरेशन की जानकारी

■ मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

इन शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों, उनके अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के अभियान-ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति भवन ने इस बारे में सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी गई। इस पोस्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत के जवाब को शानदार सफल बना दिया। राष्ट्रपति तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं।



## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की तिरंगा यात्रा

**नई दिल्ली।** भाजपा बुधवार से देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। बुधवार को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ, देहरादून में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, ओडिशा के भुवनेश्वर में सीएम मोहन चरण माझी और ठाणे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि हमारी तीनों सेनाओं के जवानों ने जिस तरह से पाकिस्तान को जवाब दिया, पूरे विश्व ने उनके साहस का लोहा माना है। उन्होंने ये साबित कर दिया है कि अगर कोई भारत को छेड़ेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।' 23 मई तक चलने वाली 10 दिवसीय तिरंगा यात्रा की शुरुआत मंगलवार को की गई थी। इस दौरान दिल्ली में कर्तव्य पथ पर यात्रा निकाली गई। इसमें दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, भाजपा नेता तरुण चुघ और राज्य सरकार के सभी मंत्री शामिल हुए। इसके साथ ही देश के कई राज्यों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। पंचकुला में हरियाणा के सीएम नवाब सिंह सैनी और गुजरात के अहमदाबाद में सीएम भूपेंद्र पटेल, गोवा में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने यात्रा का नेतृत्व किया।

## न्यायमूर्ति गवई बने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति बीआर गवई ने बुधवार को यहां उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह इस वर्ष 23 नवम्बर तक इस पद पर रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है, जो मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हो गए। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश और कुछ पूर्व न्यायाधीश समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## पाक रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पूर्णम शॉ को छोड़ा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान रेंजर्स ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। श्री शॉ 20 दिन से पाकिस्तान रेंजर्स के कब्जे में थे। बीएसएफ ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बुधवार सुबह 10:30 बजे कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ को अटारी-वाघा सीमा पर बीएसएफ द्वारा पाकिस्तान से वापस लाया गया। विज्ञप्ति के अनुसार श्री शॉ 23 अप्रैल 2025 को लगभग 11:50 बजे फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी पर रहते हुए अनजाने में पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे और उन्हें पाक रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था।

# बड़बोले मंत्री को महंगी पड़ी कर्नल सोफिया पर टिप्पणी

## हाईकोर्ट के आदेश पर विजय शाह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

भोपाल, वार्ता

**मध्य प्रदेश** सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश के डीजीपी को निर्देश दिया है कि चार घंटे के भीतर मंत्री शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। बता दें कि विजय शाह का एक वीडियो सामने आया था। जिसमें उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया था। उनके इस बयान को लेकर देशभर में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहा है। मध्य प्रदेश के कई शहरों में कांग्रेस मंगलवार से ही प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस मंत्री शाह के इस्तीफे की मांग पर अड़ी है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने शाह को तत्काल कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग करते हुए पीएम मोदी को भी पत्र लिखा है। इसी बीच अब जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान पर मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने एमपी के डीजीपी को विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए डीजीपी को 4 घंटे का समय दिया है। हालांकि इस बारे में कोर्ट का विस्तृत आदेश अभी -शेष पृष्ठ दो प र



अदालत ने विवादित बयान पर लिया स्वत: संज्ञान



मप्र हाईकोर्ट ने डीजीपी को दिए कार्रवाई करने के निर्देश

## एयर स्ट्राइक में कई पाक एयरबेस तबाह

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह किए थे। प्राइवेट कंपनी मैक्सार के सैटेलाइट ने इन तबाह एयरबेस की फोटोज जारी की हैं। मैक्सार ने पाकिस्तान के जिन एयरबेस की फोटोज जारी की हैं, उनमें सरगोदा, नूर खान, भोलारी और सुक्कुर के एयरबेस हैं। फोटोज में साफ देखा जा सकता है कि हमले के पहले और बाद में वहां क्या स्थिति थी। सात मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बाद पाकिस्तानी गोलाबारी में आर्मी के 6 और बीएसएफ के दो जवान शहीद हो चुके हैं, 59 घायल हैं। इसके अलावा 28 सिविलियंस की भी जान गई है।









## JNU ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा

### भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से किया इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने तुर्की की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार (एमओयू) खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा कि हम देश के साथ खड़े हैं।

वहीं, भारत ने चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ और तुर्की के सरकारी मीडिया टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट पर से बैन हटा लिया। दोनों अकाउंट सिर्फ 5 घंटे ब्लॉक रहे। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप था। भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच भारतीय व्यापारियों में तुर्की के रुख को लेकर नाराजगी है। दिल्ली, यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक व्यापारियों ने तुर्की के सामान का विरोध किया है। इसकी वजह तुर्की का पाकिस्तान को समर्थन देना है। भारत के व्यापारी तुर्की से बड़ी मात्रा में सेब मंगाते हैं। इस बीच भारतीय व्यापारियों ने तुर्की से सेब के आयात से इन्कार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्की से सालाना 1200 करोड़ रुपये का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल है। गाजियाबाद के एक व्यापारी ने बताया, तुर्की, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। इसी वजह से हमने फैसला लिया है कि तुर्की के सेब नहीं बेचेंगे। एक अन्य व्यापारी शादाब खान ने बताया कि हमने तुर्की के हर सामान का बायकाट किया है। सेब के अलावा तुर्की से हम कई सामान आयात करते थे। हमने ये फैसला इसलिए लिया, क्योंकि तुर्की, पाकिस्तान का सपोर्ट करता है।



■ कहा: हम देश के साथ हैं, तुर्की पाक को ड्रोन भेजता है?




## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय मानवाधिकार का प्रशिक्षण आज से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) युवा पीढ़ी में मानवाधिकारों के संवर्धन और संरक्षण की व्यापक समझ बढ़ाने के उद्देश्य से देश के दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए इस विषय में 'ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम' गुरुवार से शुरू करने जा रहा है। मानवाधिकार आयोग ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 80 छात्र-छात्राओं को चुना गया है। इसके लिए देश भर 1,795 आवेदन प्राप्त हुए थे। आयोग के महासचिव ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज औपचारिक रूप से उद्घाटन किया और विस्तृत कार्यक्रम की शुरुआत कल होगी।

### मणिपुर में 12 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस और सुरक्षाबलों के विभिन्न अभियानों में कथिततौर पर कई उग्रवादी संगठनों के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आज यहां बताया कि थौबल जिले के लिलोंग-पीएस के अंतर्गत लिलोंग नुनगेई इलाके में एक उग्रवादी को पकड़ा गया, जबकि बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग वार्ड नंबर 3 इलाके में एक-दूसरे अभियान में एक अन्य उग्रवादी को गिरफतार कर लिया गया। इस बीच राज्य पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के कोइरेंगेई काबुई खुल गेट से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। उधर सुरक्षाबलों ने टेंग्नौपाल जिले के योंगखुल गांव से विभिन्न संगठनों के सात सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के वांगबल से एक अन्य उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया।

### शिवराज पूर्वोत्तर के तीन दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार से तीन दिन की पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और असम, मिज़ोरम एवं नागालैंड में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि दौरे के दौरान कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह किसानों तथा स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे। श्री चौहान 29 मई से शुरू होने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में राज्यों की सहभागिता पर भी चर्चा करेंगे।

### आंध्र में सिंचाई टैंक में पांच बच्चे डूबे

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में ब्रह्ममगरी मट्टम मंडल के मल्लेपल्ली गांव में सिंचाई टैंक में पांच बच्चे डूब गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) राजेंद्र प्रसाद ने मीडिया को बताया कि मृतक बच्चे चरण (15), पार्थसारथी (12), हर्षवर्धन (12), दीक्षित (12) और थारुण यादव (12) मंगलवार रात नहाने के लिए सिंचाई टैंक में उतरे और डूब गए। उन्होंने बताया कि माता-पिता और रिश्तेदारों ने बच्चों की तलाश की और आखिरकार सिंचाई टैंक के किनारे उनके कपड़े मिले। पुलिस ने बच्चों के शवों को टैंक में खोजने के लिए विशेषज्ञ तैराकों को लगाया। इसके बाद सभी पांच शवों को सिंचाई टैंक से निकाल लिया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए प्रोद्दातुर के जीजीएच में भेज दिया गया।

# पाक ने की थी नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि हाल ही में सीमा पार से की गई गोलाबारी में अधिकतम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से जानबूझकर प्रयास किया गया। सीमा पार से गत सात मई से गोलाबारी शुरू हुई। गोलाबारी के चार दिनों में जम्मू-कश्मीर में पांच बच्चों सहित 21 नागरिकों की जान चली गई। पुंछ जिले में 15 लोग मारे गए, जहां पाकिस्तानी सेना की ओर से भारी गोलाबारी की गई थी।

बुधवार को बारामूला जिले के उरी में गोलाबारी प्रभावित इलाकों का दौरा करने पर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने नागरिक इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी की थी। अब्दुल्ला ने उरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दो से तीन दिनों के दौरान, उन्होंने (पाकिस्तान ने) नागरिक इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी की और ऐसा लगा कि वे जानबूझकर अधिकतम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने संघर्ष विराम पर राहत व्यक्त करते हुए कहा कि शुक्र है कि दूसरी तरफ से डीजीएमओ ने फोन उठाया और बात की, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम हो सका। अभी तक सीमा और नियंत्रण रेखा पर शांति बनी हुई है। अब्दुल्ला ने संकट के प्रति प्रशासन की प्रतिक्रिया पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्षति का आकलन और राहत कार्य पहले ही शुरू हो चुका है और आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इसमें समय लगेगा, लेकिन हम सुनिश्चित करेंगे कि प्रभावित लोगों का पुनर्वास हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवासियों के बीच बढ़ते डर के देखते हुए व्यक्तिगत तौर पर बंकरों की फिर से उठी मांग उठी है। उन्होंने कहा कि लोगों ने हाल के वर्षों में बंकरों के बारे में सोचना बंद कर दिया था, लेकिन पिछले कुछ दिनों ने सभी को याद दिलाया है कि सीमा पर स्थिति कितनी खराब हो सकती है। चाहे वह जम्मू हो या कश्मीर की तरफ, मैं जहां भी गया, लोगों ने सामुदायिक बंकरों की बजाय व्यक्तिगत बंकरों की मांग की। सबसे पहले हम तुरंत राहत प्रदान करेंगे। फिर हम केंद्र सरकार से बात करेंगे और गोलाबारी से प्रभावित सभी क्षेत्रों के लिए बंकरों की व्यवस्था करेंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि भारत ने इस लड़ाई की शुरुआत नहीं की। पहलगाम में हमारे निर्दोष लोगों पर हमला किया गया। हमले में 26 लोगों की जान चली गई। मैंने पहले दिन से ही यह कहा है। अगर वहां से बंदूकों की आवाज शांत हो जाती हैं, तो यहां से भी गोलियों की आवाज अपने आप शांत हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने गोलीबारी में जान गंवाने वाली नरगिस बेगम के परिवार के प्रति भी संवेदना व्यक्त की और कहा कि कोई भी शब्द उनके दुख या फिर इस त्रासदी की भयावहता को व्यक्त नहीं कर सकता।



■ सीमा पार से जानबूझकर की गई गोलाबारी, पांच बच्चों सहित 21 नागरिकों की हुई मौत: उमर

### स्वदेशी जागरण मंच ने की तुर्की पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच ने पाकिस्तान को तुर्की के सैन्य समर्थन की निंदा करते हुए आर्थिक प्रतिबंध, उड़ान प्रतिबंध और पर्यटन बहिष्कार का आह्वान किया है। जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अश्विनी महाजन ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि तुर्की पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएं और गैर-आवश्यक आयातों को प्रतिबंधित करें साथ ही संगमरमर, रसायन और मशीनरी जैसी प्रमुख तुर्की वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगाएं जाए। तुर्की के लिए सीधी उड़ानों को अस्थाई रूप से निलंबित किया जाना चाहिए और विमानन 'कोडशेयर' विशेषाधिकारों को रद्द किया जाए। भारतीय पर्यटकों को तुर्की यात्रा के लिए हतोत्साहित किया जाए।

# महिलाएं राफेल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में क्यों नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया है कि अगर महिलाएं भारतीय वायुसेना में राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती हैं, तो फिर वे सेना की कानूनी शाखा में शीर्ष पदों पर क्यों नियुक्त नहीं हो सकतीं? सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने 8 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है और केंद्र सरकार के जवाब के बाद पीठ अपना फैसला सुना सकती है। पीठ ने दो महिला अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी की याचिका पर फैसला सुरक्षित करते हुए यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि जज एडवोकेट जनरल की परीक्षा में उनकी चौथी और पांचवीं रैंक आई थी, इसके बावजूद उनसे कम रैंकिंग वाले पुरुष अधिकारियों की नियुक्ति की गई।



■ केंद्र से सुप्रीम कोर्ट ने किया सवाल

याचिका में कहा गया है कि विभाग में सिर्फ छह पद निकले थे, जिनमें से महिलाओं के लिए तीन ही रिक्तियां थीं। सुनवाई के बाद जस्टिस दत्ता ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से पूछा कि अगर भारतीय वायुसेना में महिलाएं लड़ाकू विमान राफेल उड़ा सकती हैं, तो फिर सेना की जज एडवोकेट जनरल पदों पर ज्यादा महिलाओं को शामिल करना क्यों मुश्किल है?

# जेवर में लगेगी छठी सेमी कंडक्टर इकाई

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्र सरकार ने एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के जेवर में 3706 करोड़ रुपये के निवेश से एक और सेमी कंडक्टर इकाई की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह इकाई 2027 में उत्पादन शुरू कर देगी। उन्होंने बताया कि देश में पांच सेमीकंडक्टर इकाईयों का निर्माण चल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में शरू किए गए भारत सेमी कंडक्टर मिशन में जेवर में विकसित होने वाली इस छठी इकाई के साथ भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम है। ये यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक संयंत्र स्थापित करेंगे। यह संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा। इस संयंत्र को 20,000 वेफर्स प्रति माह के हिसाब से तैयार किया गया है। इसकी उत्पादन क्षमता तीन करोड 60 लाख चिप प्रति माह होगी। इस संयंत्र में दो लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि सेमी कंडक्टर उद्योग पूरे देश में आकार ले रहा है। देश भर के कई राज्यों में विश्व स्तरीय संयंत्र स्थापित हो चुकी हैं। देश में 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप में छात्र और उद्यमी नए उत्पादों के विकास के लिए विश्व स्तरीय नवीनतम डिजाइन प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में लैपटॉप, मोबाइल फोन, सर्वर, चिकित्सा उपकरण, बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है।



■ पीएम की बैठक के बाद सूचना मंत्री ने बताया

## भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना करते बोले योगी

# एक दिन आतंकवाद पाक को भी निगल लेगा

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए उन्होंने बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया।

योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया औरप्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों, नौजवानों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो, तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70.75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है। आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा। योगी ने कहा कि खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में वीभत्स व बर्बर घटना को अंजाम दिया था, जिसकी निंदा देश-दुनिया ने की थी, लेकिन आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान व उसके आका मौन रहे।



■ जवानों के कारण भारत ने पाक के हौसले पस्त किए, सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं होगा

### प्रमाण के बाद भी बाज नहीं आया पाक

योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया। पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई। सभी ने भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य का लोहा माना। पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु व नौसेना के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को भी संदेश दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों के सम्मान में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई है। यह तिरंगा भारत के आन, मान-शान तथा शौर्य-पराक्रम का प्रतीक है। तिरंगा के प्रति सम्मान का भाव व्यक्त करने, सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने व पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यूपी में आज से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हो रहा है।

### मिलावटखोरी सामाजिक अपराध

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध' करार देते हुए कहा कि यह जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है, जिससे किसी भी प्रकार का समझौता अक्षम्य होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मिलावटखोरों, नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क और इस अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त व निर्णायक कार्रवाई की जाए। ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिन्हित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं, ताकि जनता भी उन्हें पहचान सके और समाज में उनके प्रति नकारात्मक संदेश जाए। मुख्यमंत्री ने बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि तेल, घी, मसाले, दूध, पनीर जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच यथासंभव उत्पादक इकाई पर ही की जाए। दूध व दुग्ध उत्पादों की विशेष रूप से सघन जांच के लिए समर्पित टीमें बनाई जाएं, जो लगातार निगरानी रखें। साथ ही पेशेवर रक्तदाताओं की पहचान कर इस पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन का स्वास्थ्य राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ होना चाहिए। योगी को बताया गया कि राज्य में खाद्य एवं औषधि प्रयोगशालाओं के नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्व में कार्यरत छह प्रमुख मंडलों के अलावा अब अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, चित्रकूट, कानपुर, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और देवीपाटन मंडलों में भी नई प्रयोगशालाएं और कार्यालय स्थापित किए गए हैं। लखनऊ, गोरखपुर और झांसी में प्रयोगशाला भवनों का उच्चीकरण किया गया है। साथ ही, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी में तीन आधुनिक माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गई हैं, जिनमें सूक्ष्मजीव, प्रोटोजोआ, विषाणु, जीवाणु, माइक्रोटॉक्सिन्स तथा अन्य रोगकारक जीवों की जांच संभव हो पाई है।

## अर्थ व्यापार

# अप्रैल में महंगाई घटने से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

देश में इस वर्ष अप्रैल में खुदरा और थोक महंगाई घटने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में और कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.34 अंक छलांग लगाकर 81,330.56 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत उछलकर 44,327.28 अंक और स्मॉलकैप 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,978.95 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4125 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2855 में लिवाली जबकि 1121 में बिकवाली हुई, वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2960 कंपनियों के शेयर रखें गए। इनमें से 2183 तेजी जबकि 694 गिरावट रही, वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। अनाज और शाक-सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में गिरकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई।



इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 4.83 प्रतिशत रही थी। इसी तरह खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट और ईंधन की दरों में नरमी से अप्रैल में देश की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई मार्च के 2.05 प्रतिशत घटकर तेरह माह के निचले स्तर 0.85 पर आ गई। निवेशकों को महंगाई में गिरावट से आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। इससे बीएसई में बैंकिंग की 0.34 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली का ज़ोर रहा।

इस दौरान धातु 2.46, कमोडिटीज 1.49, सीडी 0.77, ऊर्जा 1.23, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.63, इंडस्ट्रियल्स 1.73, आईटी 1.37, दूरसंचार 1.14, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.86, कैपिटल गुड्स 1.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.16, तेल एवं गैस 1.46, पावर 0.73, रियल्टी 1.71, टेक 1.20, सर्विसेज 0.37 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.38 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार में मिलाजुअल रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 2.30 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.86 प्रतिशत चढ़ गया।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालें महंगी

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से दालें महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 105 रिंगिट उबलकर 3934 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट गिरकर 51.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 150 रुपये, दाल चना 150 रुपये, मसूर दाल 100 रुपये, मूंग दाल 200 रुपये, उड़द दाल 100 रुपये और अरहर दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8450-8550 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।



खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# बीजेपी के मंत्री ने किया सोफिया व नारी का अपमान: अखिलेश

**लखनऊ।** भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए बयान के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है और इसे हर नारी और सेना का अपमान बताया है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मप्र बीजेपी के एक मंत्री का अति निंदनीय बयान केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी ही नहीं, बल्कि देश की हर नारी और सेना का अपमान है। ये महानुभाव सदैव से भाजपाई और उनके संगी-साथियों की 'नारी विरोधी' सोच के मुखपत्र रहे हैं। कुछ वर्षों पहले इन्होंने ही देश की एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के कार्य में बाधा डाली थी। बीजेपी की 'नारी शक्ति वंदन अभियान' जैसी झूठी घोषणाओं का सच ऐसे लोगों के दुष्विचार खोल देते हैं। ऐसे लोग मंत्री तो क्या, किसी गली-मोहल्ले तक के भी जन प्रतिनिधि नहीं बनने चाहिए। सवाल ये है कि इन्हें बीजेपी वाले स्वयं हटाएंगे या इनके खिलाफ एकजुट नारी शक्ति और जनता। बता दें कि बीजेपी नेता और एमपी सरकार के मंत्री विजय शाह ने कथित तौर पर कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक टिप्पणी की थी। उनके इस बयान को लेकर काफी हंगाम हुआ। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भी लिखा था। कांग्रेस नेता ने कहा था कि मप्र बीजेपी सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की वीरांगना कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहकर किया गया घृणित और राष्ट्र-विरोधी बयान, न केवल एक गंभीर अपराध है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बड़बोले मंत्री....** सामने नहीं आया है संज्ञान और एफआईआर के निर्देश देने के बाद कांग्रेस ने कहा कि शाह को भाजपा से भी बाहर करना चाहिए। कांग्रेस नेता अरुण यादव ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने मंत्री विजय शाह के भारतीय सेना और राष्ट्रधर्म निभाने वाली भारतीय बेटी कर्नल सोफ़िया कुरैशी को लेकर दिए गए बयान को सेना के अपमान, उसकी अस्मिता और मनोबल को गिराने वाला माना है, लिहाजा अब आवश्यक हो गया है कि सरकार माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर करे। अरुण यादव ने आगे कहा कि यदि भाजपा में नैतिकता और देश के लिए कुर्बानी देने वाले भारतीय सेना के प्रति दिली सम्मान है, तो विजय शाह को भाजपा से भी तत्काल प्रभाव से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इससे पहले पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल विजय शाह के खिलाफ एफआईआर कराने भोपाल के श्यामला हिल्स थाने पहुंचा था। हालांकि, यहां शिकायत दर्ज की गई, एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं।

# ट्रम्प के खुलासे पर मोदी क्यों हैं मौन: कांग्रेस



■ सऊदी में ट्रम्प ने सार्वजनिक कार्यक्रम में किया खुलासा: रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खुलासे के बाद भी आम तौर पर मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का अमेरिका के दबाव के सामने चुप्पी साधना हैरान करता है।

कांग्रेस ने कहा है कि ट्रम्प ने खुलासा किया है कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए ब्लैकमेल कर मजबूर किया है। ट्रम्प ने तब एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की जानकारी भी दी थी। पार्टी संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि कुछ दिन पहले हमें पाक के साथ युद्धविराम की जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति से मिली थी। अब कल सऊदी अरब में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को इस युद्धविराम के लिए मजबूर किया और ब्लैकमेल किया। इस खुलासे के बारे में आम तौर पर अत्यंत मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का क्या कहना है। क्या उन्होंने अमेरिकी दबाव के सामने भारत के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया।

### संसद का विशेष सत्र बुलाने का कोई औचित्य नहीं: जदयू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक जनता दल-यूनाइटेड ने बुधवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और सिंदूर अभियान पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की विपक्ष की मांग का कोई औचित्य नहीं है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने यहां कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और भारतीय सेना की कार्रवाई पर विपक्ष संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। विपक्ष चाहता है कि इस पूरे प्रकरण पर व्यापक स्तर पर चर्चा होनी चाहिए। प्रसाद ने कहा कि विपक्ष की इस मांग का कोई औचित्य नहीं है। सरकार इस संबंध में सर्वदलीय बैठक बुलाकर पूरी जानकारी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि देश के वरिष्ठतम राजनेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शरद गुट के अध्यक्ष शरद पवार ने भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग को अव्यवहारिक बताया है। गौरतलब है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल पहलगाम आतंकवादी हमले और सैन्य कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दानी ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Clpzer HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
86 8484 5757 info@clpzer.com

वैधानिक सूचना

# बहाली के आश्वासन के बाद भूख हड़ताल स्थगित

## हटाए गए आउटसोर्सिंग कर्मचारी काम पर लिए वापस, चेयरमैन ने की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस द्वारा 15 मई को प्रस्तावित एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल चेयरमैन से हुई वार्ता के उपरांत स्थगित कर दी गई है।

गौरतलब है कि सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस फलावदा में अनिश्चित कालीन आंदोलन शुरू करने जा रही थी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 15 मई को नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद कुमार बेचैन एवं उनके सहयोगी एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल होने जा रही थी।

इसी संबंध में चेयरमैन अशोक सैनी द्वारा नगर के यूनियन कार्यालय में आकर यूनियन के प्रतिनिधियों से समस्याओं पर वार्ता की। उन्होंने सभी समस्याओं का समाधान करने पर अपनी सहमति बनाने का आश्वासन दिया। उन्होंने काम से हटाये गये आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी आशू और विशाल को भी सोमवार से काम पर आने के आदेश कर दिये। सभी समस्याओं का समाधान होने के पश्चात आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। वार्ता में संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद कुमार बेचैन शाखा अध्यक्ष बृजपाल चुनियाना, सलाहक. ार विकास प्रधान, महामंत्री जानी कुमार मेहराल, नीटू कुमार, नन्हे मल, सुनील कुमार, राकेश लोहरे, चरण सिंह, सफाई नायक रमेश चंद, सहायक सफाई नायक नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



## जोनल स्केटिंग में सेंट थॉमस रहा चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छीपी टैंक स्थित सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में सीआईएस सी. ई. जोनल स्केटिंग बालक व बालिका वर्ग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसकी ओपनिंग स्कूल प्रधानाचार्य अनुग्रह डीन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शालीन सिंह ने प्रार्थना कर की। टूर्नामेंट में मेरठ जोन के अलग-अलग स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में सेंट थॉमस के बालक और बालिका ने 14 गोल्ड, 9 सिल्वर व 7 ब्रोंच मेडल जीतकर विजय प्राप्त की। इसके अलावा टूर्नामेंट की उप विजेता टीम सेंट मेरी एकेडमी रही। कोऑर्डिनेटर आकाश मासी, आरथर दास ने बच्चों को मेडल तथा टीम ट्रॉफी देकर उत्साह बढ़ाया। टूर्नामेंट के कोच फिरोज और शिक्षक कविता पवार, जॉन थॉमस व मात्रिका का योगदान रहा।



# सरधना विधानसभा के मार्गो के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के मंत्री से मिले मंत्री यशवीर सिंह

## 80 गांवों के लोगों का होगा आवगमन आसान, चौबिसी सहित ठाकुरों के गांव को मिलेगा नया रास्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूपी.सी.एल.डी.एफ. के चेयरमैन दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह से उनके 4, माल एवन्यू स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह को जनपद मेरठ में सरधना विधानसभा के अन्तर्गत कालंद रोड से छाबरिया नाले की पटरी से बिनौली होते हुए मेरठ-करनाल हाइवे पर जाने वाले सरधना बिनौली मार्ग को मिनी बाईपास के रूप में निर्माण किए जाने के सम्बन्ध में एक पत्र देते हुए कहा कि इस मार्ग का मिनी बाईपास के रूप में निर्माण होने से लगभग 80 गांवों के नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। जिनमें से प्रमुख गांव ठाकुर चौबीसी सहित अन्य बड़े 50 गांव शामिल है। उन्होंने कहा कि सरधना - बिनौली मार्ग पर मिनी बाईपास निर्माण से आम जन को यात्रा में सुगमता के साथ-साथ यात्रा में कम समय लगेगा, इसके साथ ही मार्ग में पड़ने वाले समस्त गांवों सहित सम्पूर्ण क्षेत्र का विकास भी होगा। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी यशवीर सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने सरधना से कालंद रोड से छाबरिया नाले की पटरी से बिनौली होते हुए मेरठ करनाल हाइवे को जाने वाले सरधना बिनौली मार्ग को मिनी बाईपास बनाए जाने का पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द इस पर उचित कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।



# परीक्षा परिणाम आते ही छात्र-छात्राओं में दौड़ी खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के केवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने क्षेत्र में सर्वाधिक अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। जिसमें सर्वाधिक अंक 98.2 प्रतिशत अंक कार्तिक मावी ने प्राप्त किये, वहीं प्रज्ञा आर्य ने 97.2 प्रतिशत व प्रतीक मित्तल ने 94.6 प्रतिशत तनु रस्तोगी ने 93.6 प्रतिशत शिवांग ने 91प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विनय गुप्ता ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना करते हुए बच्चों उनके परिजनों व शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी है।

स्कूल की चेयरमैन कमलेश कुमार संस्थापक डाक्टर अशरफी लाल डायरेक्टर असीम गुप्ता ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी है। वहीं केपी इंटरनेशनल स्कूल के इंटरमीडिएट स्कूल का परीक्षा फल शत् प्रतिशत रहा। जिसमें शौर्य ने 90 प्रतिशत यशिका चौधरी ने 88 प्रतिशत तनु भाटी ने 80 प्रतिशत वंश चौधरी ने 78 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉप किया है। स्कूल की प्रधानाचार्य बबीता राणा चेयरमैन दीपक भाटी डायरेक्टर शशांक भाटी ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

वहीं परीक्षितगढ़ थाने में तैनात एसएसआई भूपेंद्र कुमार की बेटी यति चौधरी ने मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल शास्त्री नगर में सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में इंग्लिश में 99 प्रतिशत पेंटिंग में 100 प्रतिशत अंकों में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं तथा कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के प्रिंसिपल व स्टाफ ने यति चौधरी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## निशांत त्यागी ने माछरा का किया नाम रोशन

**परीक्षितगढ़।** सीबीएसई नई दिल्ली बोर्ड द्वारा कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय के सैकड़ों छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय का परिणाम उत्साहवर्धन रहा। निशांत त्यागी माछरा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जिसमें विज्ञान विषय तथा इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी विषय में शत् प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। तनिष्क त्यागी किला ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, अनुष्का पसवाड़ा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, विदिती त्यागी ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तथा सूर्यांश त्यागी ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय डायरेक्टर रविन्द्र चौधरी व भागेश्वरी चौधरी, प्रधानाचार्य विनोद सिंह ने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बुशरा ने 92 प्रतिशत अंक लाकर किया कस्बा लावड़ का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बा लावड़ के एबीसी कोचिंग के संचालक आशू की होनहार बेटी बुशरा ने सीबीएसई के 12वीं कक्षा में 92 प्रतिशत अंक लाकर अपने कॉलेज एमएसबी इंटरनेशनल मेरठ का और इलाके का नाम रोशन किया है। बुशरा ने बताया कि उसका सपना डाक्टर बनकर लोगो की सेवा करना है, अभी वह आकाश इंस्टिट्यूट से नीट के एग्जाम की तैयारी कर रही है।

मुस्लिम लड़कियो के लिए यह एक मिसाल है बुशरा के पिता स्वयं केमिस्ट्री के एक बहुत काबिल टीचर है ओर दादा नगर पंचायत के बाबू के पद पर कार्यरत है। बुशरा के पिता आशू ने अपने विचार रखते हुए बताया कि हम सभी को शिक्षा के महत्व को समझना होगा और अपने बच्चो को पढ़ाई के प्रति जागरूक करना होगा जिससे हमारे बच्चे आगे चलकर कलाम साहब और सोफिया कुरैशी जैसे बने और देश की सेवा कर सके। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी बुशरा हमेशा से ही हर कक्षा में अच्छे अंक लाई है। 12वीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक लाने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। क्षेत्रीय लोग व रिश्तेदार उन्हे बधाई दे रहे हैं। वह बुशरा को आगे पढ़ाना चाहते हैं। इसके अलावा जब हमारे संवाददाता ने बुशरा से बात की तो उन्होंने कहा कि वह जीवन में आगे बढ़कर देश की सेवा करना चाहिती है। इसी लिए उनकी डाक्टर बनने में रूचि है।




छात्रा बुशरा।

# मेरठ पब्लिक स्कूल पल्लवपुरम में हुआ अलंकरण समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एमपीएस पल्लवपुरम में बुधवार को अलंकरण समारोह 2025-26 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय सिविल सेवा अधिकारी बृजेश कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रमजीत सिंह शास्त्री मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलन से हुई, जिससे वातावरण में एक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यालय के छात्रों द्वारा आकर्षक बैंड प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया तथा विद्यालय के न्यूज लेटर द पोस्ट का विमोचन मुख्य अतिथि प्रबंधन समिति तथा प्रधानाचार्या द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मुक्ति मिनोचा ने अतिथि गण, अभिभावकों और छात्रों सहित उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। इसके पश्चात नेतृत्व पर एक प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया गया, जो छात्रों में नेतृत्व के गुणों को जाग्रत करने वाला रहा। छात्र परिषद द्वारा भव्य मार्च पास्ट की गयी एवं नव निर्वाचित छात्र परिषद को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात छात्र परिषद ने विद्यालय की मर्यादा, अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा की जिम्मेदारी संभालने की शपथ ली। स्कूल हेड गर्ल रुद्राक्षी पुंडीर एवं हेड बॉय अनंत प्रकाश द्वारा प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए गए, जिनमें उन्होंने अपने अनुभव और भावनाओं को साझा किया। विद्यालय प्रबंधन एवं मुख्य अतिथि द्वारा छात्रों को जीवन में नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी के महत्व पर आधारित अनमोल विचार प्रस्तुत किए गए। यह समारोह न केवल छात्रों के लिए गर्व का क्षण रहा, बल्कि उनके भविष्य निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम भी सिद्ध हुआ।





# स्कूल बस पर गिरा बिजली का खंभा

## बस में बैठे बच्चों में मची चीख पुकार, बड़ा हादसा होते-होते बचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी क्षेत्र में स्कूल बस के ऊपर खंबा गिर गया जिसके बाद बस में बैठे बच्चों में चीख पुकार मच गई। बच्चों की आवाज सुनकर लोग दौड़ पड़े और बच्चों को सुरक्षित बस से बाहर निकाल। लोगों ने बताया बहुत बड़ा हादसा होते होते बच गया।

थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के माधवपुरम सेक्टर एक में समय करीब चार बजे जीडी गोयनका स्कूल की बस बच्चों को लेकर जा रही थी तभी बस के ऊपर अचानक खंभा गिर गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होते-होते बच गया। जीडी गोयनका स्कूल की बस के ऊपर बिजली का पोल गिरने से हड़कंप मच गया। जिस समय हादसा हुआ उस वक्त बस में अंदर 20 से 25 बच्चे बैठे थे। अचानक खंभा आकर स्कूल बस की छत पर धम्म से गिरा और अंदर बैठे बच्चे बुरी तरह घबरा गए जिससे बच्चों की चीज पुकार मच गई। तुरंत आसपास के लोग बस की तरफ दौड़े। गनीमत रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। सभी बच्चों को सकुशल बस से बाहर निकाला गया। इसके बाद बस के ऊपर से लोगों ने खुद ही खंभा हटाकर बस को सुरक्षित किया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची थाना ब्रह्मपुरी पुलिस और विद्युत विभाग के कर्मचारी पहुंच गए। वहीं लोगों ने बताया कि तारों से उलझा जर्जर खंबे की कई बार विभाग से शिकायत की लेकिन शिकायत करने के बाद भी विभाग आंखें बंद किए बैठा है आज बड़ा हादसा होते होते बचा। जिस तरह बस के ऊपर अचानक से बिजली का खंभा गिरा है इससे कुछ भी हो सकता था। बच्चों की जान जा सकती थी। करंट और बोझ दोनों से ही कुछ भी बड़ी दुघर्टना हो जाती। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने फौरन बिजली की सप्लाई बंद कर दी जिसके कारण हादसा होने से टल गया।




# बाबा साहब के जयकारों से गूंजा पीवीएस मॉल

## सरधना विधायक अतुल प्रधान ने हजारों लोगों को दिखाई फिल्म 'फुले'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना विधायक अतुल प्रधान ने सरधना विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों को पीवीएस मॉल बुलाया और मूवी 'फुले' दिखाई। फिल्म दिखाने का उद्देश्य केवल ज्योतिबा फुले के द्वारा किए गए संघर्षो को याद करना और उनके बताए रास्ते पर चलना था। महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के जीवन पर आधारित फिल्म को लोगों ने बड़े उत्साह से देखा। अतुल प्रधान ने कहा कि फिल्म में मां सावित्री बाई फुले द्वारा महिला शिक्षा के लिए किए गए उनके संघर्षों और महात्मा ज्योतिबा फुले के द्वारा किए गए कार्यों की लोगों ने सराहना की है। फिल्म खत्म होने के बाद सभी लोग पीवीएस मॉल के बाहर इकट्ठा और सरधना विधायक की तरफ से उनके लिए जलपान का इंतजाम कराया गया था। जलपान करने के बाद लोगों ने बाबा साहेब के जयकारों लगाए। इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर में जान गंवाने वाले वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।





# आईबीएस में सात लाख पैकेज पर छात्रों का चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनिस स्टडीज विभाग में कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला की प्रेरणा से प्लेसमेंट गतिविधि का आयोजन हुआ जिसमें 35 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमे से 06 एमबीए, बीबीए छात्र छात्राओं का चयन हाइक एजुकेशन कंपनी में 7 लाख सालाना वेतन पर हुआ। इस आयोजन में कंपनी की एचआर स्वाति सिंह, एचआर पूर्वी गुप्ता, प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. मनु शर्मा, एम बीए कोर्डिनेटर डॉ. राहुल शर्मा व प्लेसमेंट सैल के सदस्य डॉ. स्वाति अग्रवाल व डॉ. नीरज चौधरी का योगदान रहा। प्लेसमेंट ऑफिसर मनु शर्मा ने बताया कि समय समय पर विभिन्न कंपनियों में एमबीए, बीबीए के छात्र छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय से होता रहा है और आगे आने वाले समय भी छात्र हित में इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे। संस्थान के डायरेक्टर प्रोफेसर अतवीर सिंह ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

### सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष को शांत कराया। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के नीचा सद्दीक नगर में दो पक्षों में पुराना विवाद चला आ रहा है। बुधवार समय करीब दोपहर को सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाना ले आई। जिस पर एक दूसरे पक्षों के लोगों ने आरोप लगाए और सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर ऐतराज जताया जिसको लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे मौके से हटाया। इस झगड़े में दो महिलाएं और तीन युवकों पुलिस ने मौके पर पहुंचकर थाना ले आई जिसमें इमरान, कासिम, शान मोहम्मद, नवाबन, रीना पांचों का चालान कर जेल भेज दिया। थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों में पुराना विवाद चला रहा है जिसमें दोनों पक्ष सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर आपस में भिड़ गए थे पुलिस ने पांचो लोगों को जेल भेजा दी।

# आरके पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा इंटरमीडिएट व हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया हैं। परिणाम घोषित होते ही छात्रों अभिभावकों और स्कूलों में उत्साह की लहर दौड़ गई। जनपद मेरठ के किठौर स्थित आरके पब्लिक स्कूल में इंटरमीडिएट में लड़कियां व हाईस्कूल में लड़कों ने बाजी मारी है। इस बार आरके पब्लिक स्कूल का

**■ इंटरमीडिएट में लड़कियां व हाईस्कूल में लड़कों ने मारी बाजी**

इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में नमरा चौधरी ने 93 प्रतिशत अंक लाकर कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अशरा जबी 92.5 प्रतिशत अंक, वहीं कुलसुम ने 91.8 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स ग्रुप से सना चौधरी 89.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल रही। वहीं हाईस्कूल में प्रियांशु 95 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अदीब खान 94.3, मो. साद 94.3 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान व अली हम्माद जैदी 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। छात्रा नमरा चौधरी व प्रियांशु ने अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए स्कूल टॉपर का गौरव प्राप्त किया है। नमरा ने यह शानदार उपलब्धि विज्ञान वर्ग में हासिल की है। अपनी सफलता के बारे में बताते हुए नमरा चौधरी ने कहा कि मैंने हर दिन पढ़ाई के लिए एक निश्चित समय निर्धारित किया था और कठिन विषयों को पहले समझने की कोशिश की। नियमित अभ्यास और समय प्रबंधन मेरी पढ़ाई का मुख्य हिस्सा थे।

**स्कूल में जश्न का माहौल:** उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, परिवार के सहयोग और निरंतर अभ्यास को दिया। छात्र छात्राओं की इस सफलता से आरके पब्लिक स्कूल में खुशी का माहौल है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## बीएसपी कार्यालय पर विधानसभा सेक्टरों की हुई समस्या बैठक




**मेरठ।** बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला स्तर की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी बाबू मुनकाद अली उपस्थित रहे। इस दौरान विधानसभा के सेक्टरों की समीक्षा हुई। इस दौरान मंडल कोऑर्डिनेटर मोहित आनंद, विजय सिंह, प्रबुद्ध जाटव, पुष्पेंद्र जाटव, राम कुमार, जिला अध्यक्ष डा. सुभाष प्रधान, जिला महा सचिव धीर सिंह, हेमन्त प्रधान, बाबू राम, प्रवेज गोलू, डा विनय शर्मा, गोपाल प्रधान, और विधान सभा अध्यक्ष एवं विधान सभा प्रभारी मौजूद रहे।

# योग केंद्र, योग संकल्प का प्रथम स्थापना दिवस मनाया

**मेरठ।** योग विज्ञान संस्थान, पंजीकृत दिल्ली के अधीन उत्तरी जिला मेरठ के योग केंद्र योग संकल्प का प्रथम स्थापना दिवस जोनल पार्क रक्षापुरम सेक्टर-1 में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन केंद्र प्रमुख छवि प्रजापति ने करते हुए बताया कि सूर्य नमस्कार एक गतिशील अभ्यास का एक उदाहरण है, यह एक योग अभ्यास है जिसमें विभिन्न आसनों को क्रम में किया जाता है। मंडूकासन कविता तेवतिया ने कराया, ताड़ासन रजनी ने कराया, संगीता ने भी क्रियाएं कराई, रीना और उपकेंद्र प्रमुख राजकुमारी ने सूर्य नमस्कार कराया, भुजंग आसन अलका ने और पवन मुक्त आसन महेश चंद जोशी ने कराया, शवासन में साधकों को बांसुरी वादन लोकेश शर्मा सदस्य कार्यकारिणी ने सुनाया, भ्रामरी जगदीश त्यागी ने करवाया, उपाध्यक्ष मीनाक्षी ने अनुलोम विलोम की बारीकियां के बारे में समझाया और कराया। कार्यक्रम में 15 केंद्रों के केंद्र प्रमुख उपकेंद्र प्रमुख सहित 60 से अधिक साधकों ने भाग लिया सभा के अंत में उत्तरी जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने सबको आशीर्वाद और स्नेह दिया। छवि प्रजापति ने पर्यावरण के संरक्षण के हित में सभी केंद्र प्रमुख को और पदाधिकारियों को भेंट स्वरूप पौधे दिए।

# सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मां एक प्रेरणा शीर्षक कार्यक्रम के अंतर्गत मातृ दिवस के उपलक्ष में कक्षा 10 में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को एवं उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय वन अधिकारी खुशबू उपाध्याय व देवेंद्र कुमार प्रधानाचार्य कृषक इंटर कॉलेज मवाना एवं जगदीश उपाध्याय का डॉ. सोनू यादव निद. ेशक सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आरंभ किया गया।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद् बागपत, जनपद बागपत

**पत्रांकः**- 181 /**नं.पा.परि.बा.-ई-निविदा**/ 2025-26 **दिनांक**-14.05.2025

### -:: अल्पकालिन ई-निविदा सूचना::-

एतद्द्वारा, आयकर और जी.एस.टी. में रजिस्टर्ड फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि, उ.प्र. शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में **वंदन योजनाश तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अन्तर्गत,** निकाय को प्राप्त / स्वीकृत धनराशि से, निविदा में उल्लिखित निर्माण / विकास कार्य कराना चाहती है, जिसके लिये ई-टेण्डरिंग के माध्यम से, दो बिड् सिस्टम के आधार पर, ई-निविदायें आंमन्त्रित की जाती है।

**ई-निविदा की समय सारणी ( https://e&tender.up.nic.in पर )**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा रेफरेन्स संख्या | 180/2025-26, दिनांक- 14.05.2025 |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड्/ अपलोड् करने की तिथि/ समय | दिनांक- 15.05.2025 दोपहर 12:00 बजे से<br>दिनांक- 30.05.2025 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| 3 | ई-निविदाओं की तकनीकी बिड्स खोलने की तिथि/ समय | दिनांक- 31.05.2025 को दोपहर 12:00 बजे। |
| 4 | वित्तीय बिड्स खोलने की तिथि/ समय | तकनीकी बिड्स स्वीकृति उपरान्त |
| 5 | ई-निविदा की धरोहर धनराशि (2% EMD), प्रपत्र मूल्य यू.पी. इलैक्ट्रोनिक कॉरपोरेशन लिमिटेड का शुल्क ऑनलाइन जमा करने हेतु, निकाय के खाते का विविरण | Executive Officer Nagar Palika Parishad Baghpat<br>Account No.911010035460121<br>IFSC Code- UTIB0001094, Bank Name Axis Bank Branch Address Baghpat. |

**नोटः**- ई-निविदा हेतु उल्लिखित कार्य का विवरण, उनकी आंगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (EMD), निविदा मूल्य, यू.पी. इलैक्ट्रोनिक कॉरपोरेशन लिमिटेड के शुल्क तथा समय अवधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध ई-टेन्डर पोर्टल https://e&tender.up.nic.in व https://bagpat.nic.in पर दिनॉक 15/05/2025 को दोपहर 12:00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमन्त्रित की गयी है। किसी भी ई-निविदा पर, 2% धरोहर धनराशि (Online EMD) के बिना, विचार नही किया जायेगा। किन्ही कारणवश, उक्त तिथि में, अवकाश होने पर, अगला कार्यदिवस माना जायेगा। किसी भी ई-निविदा को बिना कोई कारण बतायें, स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार तथा उक्त ई-निविदा सूचना को निरस्त करने का अधिकार, अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**( कृष्ण कुमार भड़ाना )**
**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद् बागपत**
**जनपद-बागपत**

**( राजुद्दीन )**
**अध्यक्ष,**
**नगर पालिका परिषद् बागपत**
**जनपद-बागपत**

## कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत सिरसली वि.खं. बिनौली ( बागपत )

**पत्रांक:मीमो /पं.रा.वित्त/15वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद** / 2025-26 **दिनांक**-14.05.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अन्तर्गत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें दिनांक-19.05.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आर्मत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक- 19.05.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रप्त्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है।धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानक. ारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | कार्य की माप | स्वीकृत लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ के.वि. | ग्राम पंचायत सिरसली में रिठान चौपाल और ई-लाइब्रेरी में सामने वाली दीवार पर एलुमिनियम कम्पोजिट शीट (ACP with MS Frame) कार्य। | 135 वर्ग मी. | 498564 | 500 | 10% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वतः निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं/कुटेशन की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा/कुटेशन के साथ ठेकेदार को 10रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत सिरसली**
**विकास खण्ड- बिनौली ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत सिरसली**
**विकास खण्ड- बिनौली ( बागपत )**

# वसूली में लापरवाही होने पर संबंधितों पर होगी कठोर कार्रवाई:डीएम

## जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर राजस्व संग्रह के संबंध में संबंधितों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बुधवार को कर-करेत्तर राजस्व संग्रह, नगर विकास वसूली एवं राजस्व कार्यो की माह अगस्त की समीक्षा बैठक की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बड़े बकायेदारों से वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमीन को गांव में भेजा जाए और तहसीलदार भी बड़े बकायेदारों पर छापेमारी करें और गांव में एलाउंसमेंट अवश्य होना चाहिए और बड़े बकायदारों पर भी प्रभावी कार्यवाही करने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा बड़े बकायेदारों के तहसील के बोर्ड पर भी नाम लिखवाए जाएं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं कि वसूली में अगर कोई भी लापरवाही होती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि आधार सीडिंग का कार्य जो लंबित है। इसमें गति लाई जाए और जिन बच्चों को लैपटॉप टैबलेट कम वितरण होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लैपटॉप टैबलेट का वितरण समय अंतर्गत पूर्ण होना चाहिए। जिला. धिकारी ने कहा खनिज देय, व्यापार कर, बैंक ,स्टाफदेय,वसूली में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित एसडीएम तहसीलदार को निर्देशित दिए कि कोर्ट में जो मामले लंबी चल रहे हैं। उन मामलों को समय अंतर्गत निस्तारित किया जाए और बड़े बकायेदार पर कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजा जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा , समस्त उपजिलाधिक. ारी आदि उपस्थित रहे।




# पीड़ित परिवार ने एसपी से बेटे की बरामदगी की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** 6 जुलाई 2023 से लापता 21 वर्षीय बेटा जरीफ की गुमशुदगी की बरामदगी की मांग को लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित परि. जनों ने एसपी से शिकायत करते हुए बेटे को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है।

बुधवार को बिनौली थाना क्षेत्र के धनौरा सिल्वरनगर गांव में एक युवक की गुमशुदगी को लेकर पीड़ित परिवार एसपी से मिले। जरीफ के चाचा रहमतुल्ला ने बताया कि गांव के ही तीन युवक उनके भतीजे को अपने साथ बुलाकर ले गए थे। इसके बाद से जरीफ घर नहीं लौटा। परिवार ने पुलिस में शिकायत की, लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया। पिछले तीन सालों से परिवार थाना-चौकी के चक्कर लगा रहा है। पुलिस केवल आश्वासन दे रही है। परिवार ने अनहोनी की आशंका जताते हुए एसपी से मदद मांगी है। एसपी ने मामले की जांच कर जल्द से जल्द युवक की बरामदगी का आश्वासन दिया है। परिवार का आरोप है कि बिनौली पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पीड़ित परिवार ने बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।



# फेसबुक पर तमंचे के साथ युवक का फोटो वायरल, पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** शोशल मीडिया पर एक कहरका के युवक का तमंचे के साथ फोटो वायरल हो गया। पुलिस ने युवक को हिरासत मे ले लिया है।

कहरका निवासी अरशद पुत्र पप्पू का शोसल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल होने पर चांदीनगर पुलिस हरकत मे आ गयी और युवक को पकड़ थानें ले आयी। जहां युवक ने तमंचे साथी पर होने की बात बतायी। पुलिस ने घेराबंदी कर खट्टा निवासी गौरव पुत्र बिट्टू से तमंचा बरामद कर लिया है। पुलिस ने अरशद और उसके साथी के खिलाफ मुकदमा कायम कर कारवाही शुरू कर दी है।



# ग्राम समाज की भूमि पर बना ग्राम प्रधान के मकान पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** खट्टा प्रहलादपुर गांव में ग्राम समाज की भूमि पर चल रहे विवाद का बुधवार को समाधान हुआ। तहसील प्रशासन की टीम ने ग्राम प्रधान क्षमा देवी के मकान पर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया।

गांव के खसरा संख्या 2399 पर स्थित ग्राम समाज की जमीन पर ग्राम प्रधान समेत 12 लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बना लिए थे। गांव के निवासी राकेश ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की थी। छह महीने पहले तहसील प्रशासन ने कुछ लोगों के मकान गिराए थे। ग्राम प्रधान क्षमा देवी ने न्यायालय से स्टे आदेश ले लिया था। राकेश ने 21 फरवरी 2025 को फिर शिकायत की। नायब तहसीलदार मोनिका यादव के नेतृत्व में प्रशास. निक टीम पुलिस और पीएसी बल के साथ मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान खेकड़ा, चांदीनगर और बड़ौत थाना क्षेत्र की पुलिस तैनात रही। किसी प्रकार का विरोध नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि ग्राम प्रधान क्षमा देवी का पुत्र राहुल खट्टा ढाई लाख रुपए का इनामी अपराधी था। 2015 में पुलिस मुठभेड़ में उसकी मृत्यु हो गई थी। राहुल पर लूट और हत्या सहित गंभीर धाराओं में कई मामले दर्ज थे। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कब्जा करने वालों को स्पष्ट संदेश गया है।



## एक नजर

### असमाजिक तत्वों ने खोई में लगाई आग, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** कहरका गांव मे असमाजिक तत्वों ने एक गन्ने की लगी खोई के ढेर मे आग लगा दी जिससे चार लाख की खोई जलकर राख हो गयी। पीड़ित ने असमाजिक तत्वों के खिलाफ थानें मे तहरीर दी है।
कहरका निवासी कपिल त्यागी का गांव के समीप ही कलेशर है जहा उसने खोई का ढेर लगा रखा है। उसने बताया कि वह किसी काम से मोदीनगर जा रहा था। पीछे से असमाजिक तत्वों ने उसकी खोई मे आग लगा दी जिसकी सूचना उसे खेतो मे काम कर रहे किसानो ने दी और बताया कि उसके गन्ने की खोई मे भयंकर आग लगी है जिससे वह बीच रास्ते से ही वापस आ गया और सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौकें पर पहुंच गयी और पांच घन्टें की मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया जब तक खोई जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ित ने बताया कि चार लाख की खोई का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने अज्ञात में थाने मे तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### बर्ड फ्लू को लेकर विदेशी पक्षियों व पोल्ट्री फार्मों की सर्विलांस के लिए की पांच टीम गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** गोरखपुर में शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान में बाघिन की मौत के बाद बागपत में अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया। सीव. ीओ डॉ. अरविंद त्रिपाठी ने बर्ड फ्लू को लेकर विदेशी पक्षियों तथा पोल्ट्री फार्मों की सर्विलांस के लिए पांच टीम गठित कर सतर्क रहने का निर्देश दिया है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अधिकारियों को बर्ड फ्लू को लेकर सतर्कता बरतने की हिदायत दी। हालांकि बागपत में बर्डफ्लू के अभी कहीं भी लक्षण नहीं दिखाए दिए। सीवीओ ने यमुना, हिंडन तथा झीलों, अन्य जल स्रोत्रों पर आने वाले विदेशी पक्षियों तथा बागपत में पोल्ट्री फार्मों पर पांच लाख पक्षियों तथा अन्य पक्षियों पर पैनी निगाह रखने के लिए पशु चिकित्सकों की पांच टीम गठित की। टीमों में शामिल चिकित्सकों एवं कर्मियों को नजर रखी होगी कि यदि दो-चार पक्षियों की मौत पर सीवीओ को सूचना देनी होगी। पक्षी की मौत होने पर उसका शव सील कर जांच के लिए भोपाल स्थित लैब भेजा जाएगा। सीडीओ नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बर्ड फ्लू को लेकर मुख्य सचिव ने वीडियो कांफेसिंग के जरिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। सीवीओ डा. अरविंद त्रिपाठी ने कहा कि बागपत में बर्ड फ्लू का वायरस सक्रिय नहीं है। चिंता करने की जरूरत नहीं लेकिन सावधान रहना जरूरी है।

# यह नया भारत है जो दुश्मन को घर में घुसकर मारता है:शौकेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बदरखा निवासी हिंदू युवा वाहिनी पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष तेजस्वी बिल्डर के डायरेक्टर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने नगर के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित पीएन शर्मा पार्क शहीद स्मारक पर एक रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि यह नया भारत है जो दुश्मन को घर में घुसकर मारता है। उन्होंने देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को हम बधाई देते है। उनके शौर्य को हम नमन भी करते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आंत. कवादियो के ठिकाने को ध्वस्त करने पर भारतीय सेना बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को बच्चों की तरह पालता है। पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछ कर जो हत्या की गई। वह बड़ी ही निंदनीय घटना है। इसका जवाब भारत सरकार के निर्देश पर भारत की तीनों सेनन ने ऑपरेशन सिंदूर अभियान के तहत पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। अब पाकिस्तान घुटनों के बल पर आ गया है। हमारी सेना दुश्मनों को घर में घुसकर मारती है। भारत माता के सपूत आज विदेश में अपना नाम रोशन करने का काम कर रहे हैं। हमें अपने देश की जल थल एवं वायुसेना पर गर्व है यह सिंदूर ऑपरेशन आर्मी लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह के निर्देशन में चलाया गया है जो भारतीय महिलाओं के शौर्य को प्रदर्शित करता है। आज हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हित में कार्यरत है। हमें तीनों सेनाओं पर गर्व है खेत में किसान सीमा पर जवान यही देश की शान है। इस अवसर पर विजेंद्र आर्य योगेंद्र कुमार मौजूद रहे।



# पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था के बीच भरे गए नामाकंन पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के जनता वैदिक इण्टर कॉलिज में उच्च न्यायालय के आद. ेशों के अनुपालन एवं जिला प्रशासन की देखरेख में प्रबन्ध समिति के नवीन निर्वाचन हेतु निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र विक्रय किये गये, जिसमें एक पेनल के 12 प्रत्याशियां ने नामाकंन पत्र जमा किये, जबकि अन्य 3 नामांकन पत्र अध्यक्ष पद हेतु तथा 1 नामांकन पत्र प्रबन्धक पद हेतु प्राप्त हुए। बताया गया है कि, इस तरह चुनाव अधिकारी के समक्ष कुल 15 नामांकन पत्र जमा किये गये। अब 15 मई को इन सभी नामांकन पत्रें की जांच एवं आपत्ति का निस्तारण किया जायेगा। कार्यक्रम के मुता. बिक16 मई को प्रत्याशियों की अन्तिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा तथा चुनाव चिह्न आवंटित किये जायेंगे। नामाकंन प्रक्रिया के दौरान पूरे समय की विडियो ग्राफी करायी गयी एवं पूरे समय पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान शांति पूर्वक हुई नामांकन प्रक्रिया में प्रशासन एवं पुलिस बल का सहयोग व सजगता बराबर नजर आई। यह जानकारी चुनाव अधिक. ारी सरोज कुमारी ने मीडिया से रूबरू होते हुए दी है।



# वीरेंद्र पाल सिंह लोहड्डा ने जमा किया अध्यक्ष पद का नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश अनुपालन एवं जिला प्रशासन की देख-रेख में जनता वैदिक इण्टर कॉलिज, बडौत (बागपत) की प्रबन्ध समिति के नवीन चुनाव गतिमान है। बुधवार को निर्धारित चुनाव कार्यक्रमानुसार वीरेन्द्रपाल सिंह लहोड्डा ने अपने पूरे पैनल 12 पदाधिकारियों साथ अध्यक्ष पद पर नामांकन कर दिया है। प्रबन्ध समिति के पदो नामांकन करने वाले व्यक्तियों में वीरेन्द्रपाल सिंह-अध्यक्ष पद हेतु, हरबीर सिंह-उपाध्यक्ष पद हेतु, योगेन्द्र सिंह सोलंकी-प्रबन्धक पद हेतु, रविन्द्र सिंह-सहा. प्रबन्धक पद हेतु, सतवीर सिंह-कोषाध्याक्ष पद हेतु, डॉ.महक सिंह, सुनील कुमार-संस्थापक सदस्य पद हेतु, रामछैल सिंह, भोपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, खुशीराम, अजय कुमार ने सदस्य पद हेतु नामांकन किया है। नामांकन से पूर्व वीरेन्द्रपाल सिंह ने अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन प्रात: 09 बजे आचार्य धनकुमार शास्त्री के ब्रहमत्व में यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में वीरेन्द्रपाल सिंह, योगेन्द्र सिंह सोलंकी, रविन्द्र सिंह मुख्य यज्ञमान रहे। इस दौरान उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा व क्षेत्र के हजारो आजीवन सदस्य/मतदाता जिनमें श्योदान सिंह, विक्रम सिंह, बिरेश तोमर, यतेन्द्र कुमार, विजयपाल, सीताराम, तेजपाल, गौरव, अश्वनी तोमर बावली, देशपाल प्रधान, गौरव प्रधान, अॅा. कतवीर चेयरमैनल मलकपुर मिल, कृष्ण प्रधान मलकपुर, देवेन्द्र सिंह, मनोज प्रधान, कृष्ण मास्टर, सुदेश, सुरेन्द्र सिंह, हरबीर सिंह, बुद्ध सिंह, रेनिश, कपिल प्रधान, रिटिन, नितिन मलिक, हरेन्द्र प्रधान, मास्टर रामबली, रामकुमार एडवोकेट, जयवीर, अनिल तोमर, कपिल तोमर, उपस्थित रहे।




# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत असारा वि.खं. छपरौली ( बागपत )

**पत्रांक: मीमो /पं.रा.वित्त/१५वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद / २०२५-२६** **दिनांक**-13.05.2025

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अर्न्तगत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक-19.05.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक-19.05.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है।धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | सलाहू मिस्त्री के मकान से राशिद/कासिम के मकान तक सी.सी. कार्य। | 565090 | 110 | 2% |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | नसीम/सत्तार के मकान से चन्दा के मकान तक सी.सी. कार्य। | 477781 | 110 | 2% |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | ईनाम के मकान से सामुदायिक शौचालय तक सी.सी. कार्य। | 487196 | 110 | 2% |
| 4 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | यामिन के मकान से शमसाद के मकान तक सी.सी. कार्य। | 112706 | 110 | 2% |
| 5 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | नाहिद के मकान से बिजेन्द्र के मकान तक सी.सी. रोड़ कार्य। | 382483 | 315 | 2% |
| 6 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | युनुस के मकान से ताहिर के मकान तक सी.सी. रोड़ कार्य। | 474261 | 515 | 2% |
| 7 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | अनिस के मकान से सलीम के मकान तक सी.सी. रोड़ कार्य। | 235427 | 315 | 2% |
| 8 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | ईरफान फौजी के मकान से स्कूल के गेट तक सी.सी. रोड़ कार्य। | 945880 | 515 | 2% |
| 9 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | फरामान के मकान से कासिम के मकान तक सी.सी. रोड़ कार्य। | 65211 | 105 | 2% |
| 10 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | विभिन्न स्थानों पर चैनल निर्माण कार्य। | 499569 | 515 | 2% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदों/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 100रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत असारा**
**विकास खण्ड- छपरौली ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत असारा**
**विकास खण्ड- छपरौली ( बागपत )**


# रोडवेज बस चालक ने तांगे में मारी टक्कर, मजदूर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बागपत-बड़ौत रोड पर चौहान एन्क्लेव के पास बड़ौत रोड की ओर से तेज गति से दो रोडवेज बस वंदना चौक पर पहले नंबर लगाने के चक्कर में एक दूसरे से आगे निकल रहे थे। भट्टे से ईंट लेकर जा रहे तांगे मे पीछे से टक्कर मार दी, जिसमे तांगा चालक असलम घायल हो गया जबकि रोडवेज मे बैठे यात्रियों मे भी चीखपुकार मच गई। घायल असलम को सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसकी हालात गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर कोतवाली पुलिस ने रोडवेज चालक को हिरासत मे ले लिया।




**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आस मौहम्मद व उसकी पत्नि सुमाईला से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वंय जिम्मेदार होंगे।
मकसूद पुत्र वहिद निवासी ग्राम फौलादनगर थाना दोघट जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रिहान से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।
इलियास पुत्र मौजू निवासी हेवा तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अर्जुन राजपूत से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।
सत्येंद्र पुत्र जसवंत निवासी बड़का थाना व तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मैं अपने पुत्र शुभम तोमर व पुत्रवधू ज्योति से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वंय जिम्मेदार होंगे।
देववीर सिंह पुत्र अजब सिंह निवासी ग्राम गढ़ी कागरान थाना दोघट जनपद बागपत।

# दिनदहाड़े ग्राम प्रधान की गोली मारकर हत्या

## बाइक सवार दो बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, हत्या से क्षेत्र में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गांव सिरसली निवासी तेजवीर के मकान के पास अपने कुछ साथियों के साथ ताश खेल रहे ग्राम प्रधान धर्मेंद्र तोमर की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गए। घटना के बाद वहां पर अफरा तफरी मच गई और हत्या की खबर पूरे गांव में आगकी तरह फैल गई। प्रधान की हत्या की खबर सुनकर थाना बिनौली समेत आसपास की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में पूछताछ की। बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार बिनौली थाना क्षेत्र के गांव सिरसली के मौजूदा ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह तोमर उर्फ धर्म बुधवार की शाम करीब 7:00 बजे गांव के ही एक मकान के बाहर कुछ साथियों के साथ ताश खेल रहे थे। इस समय बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाश आए और वहां पर बैठे सभी लोगों को शांत बैठे रहने की चेतावनी देने के बाद तुरंत ही उन्होंने ग्राम प्रधान के ऊपर अंधाधुन फायरिंग करना शुरू कर दिया। बदमाशों ने ग्राम प्रधान के ऊपर एक के बाद एक कई फायरिंग की जिसमें उनके पास बैठे एक अन्य व्यक्ति भी गोली लगने से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर बदमाश वहां से फरार हो गए। घटना के बाद वहां पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और आनन-फानन में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर ग्राम प्रधान धर्मेंद्र तोमर को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य दूसरे घायल व्यक्ति को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। ग्राम प्रधान की हत्या की खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। बिनौली थाना पुलिस भी सूचना पाकर मौके पर पहुंची इसके अलावा अन्य पुलिस अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के बाद पुलिस गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल कर रही है। घटना के पीछे चुनावी रंजिश होने की भी गांव में चर्चाएं हैं। हालांकी अभी हत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है। पुलिस हत्यारों की तलाश में ताबिश दे रही है। धर्मेंद्र तोमर पांच भाईयों में बीच का था। उसका बड़ा भाई सतेन्द्र यूपी पुलिस सहारनपुर में एसआई है जबकि दुसरा बड़ा भाई जितेन्द्र पीलीभीत एसआई है। धर्मेंद्र से एक छोटा भाई जयपुर तथा दुसरा बरेली में अपनें व्यवसाय करते है। धर्मेंद्र के तीन बच्चों में एक लड़का आठ साल, लड़की भूमी 12 साल तथा दिशा 14 साल है। मां बीरमती व पत्नि गीता है। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में शौक छा गया।



मृतक धर्मेंद्र का फाइल फोटो





# नाबालिग बच्चे से कुकर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने नाबालिग बच्चे के साथ कुकर्म करने की घटना में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा नाबा. लिग बच्चे के साथ कुकर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी इरफान पुत्र लियाकत निवासी पुरानी चुंगी कोटला मेवातियान थाना हापुड नगर जनपद हापुड को ईदगाह रोड ईदगाह के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मासूम बच्चे के परिजनों द्वारा आरोपी के खिलाफ मासूम से कुकर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



# अवैध तमंचे के साथ युवक का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में अवैध तमंचे के साथ सोशल मीडिया पर एक युवक का फोटो वायरल हो रहा है। इस तरह की पहले भी हापुड़ में कई फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है।

पुलिस-प्रशासन की सख्ती के बावजूद इंटरनेट मीडिया पर असलाहों का प्रदर्शन शौक बनता जा रहा है। ताजा मामले में एक युवक का अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल हो रहा है। युवक थाना देहात क्षेत्र के गांव श्यामपुर गांव का बताया जा रहा है। वायरल फोटो में युवक के हाथ में तमंचा दिखाई दे रहा है। युवक के हाथ में तमंचा कानून व्यवस्था को खुली चुनौती देता दिखाई दे रहा है। देहात थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# चैकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।

नगर कोतवाली प्रभारी मुनीश प्रताप ने बताया कि अपराध की रोकथाम एवं मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक मादक पदार्थ तस्कर मोहसिन पुत्र इमरान निवासी मोहल्ला नवीकरीम थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड को पुराना सिनेमा हॉल मीनाक्षी रोड़ से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की तस्करी नहीं होने दी जाएगी। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### न्यायलय ने बाईक चोरी के मामले में दोषी को सुनाई सजा, चार हजार का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा बाईक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दंडित किया गया।

वर्ष 2011 में आरोपी कंचन द्वारा बाइक चोरी करने के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा बाईक चोरी करने के मामले में दोषी मानते हुए कंचन पुत्र भानू निवासी ग्राम व थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि 3 माह 1 दिवस तथा 4,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### जहरीला पदार्थ खाकर महिला ने दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र गांव निवासी महिला ने ग्रह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन ने उसको स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसको चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत के बाद परिजन ने बिना पुलिस कार्रवाई के उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

गांव निवासी महिला का परिवार में पिछले दो दिन से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बताया गया है कि मंगलवार की रात को महिला खाना खाने के बाद कमरे में चली गई। देर रात को महिला कमरे से उल्टी करते हुए बाहर आई तो परिवार के लोगों ने उसको स्थानीय अस्पताल में लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। महिला का बिना पुलिस कार्रवाई के ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

### संपत्ति हड़पने पर हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी व्यक्ति ने अपनी बेटियों पर संपत्ति के लिए हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि बेटियों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर तमंचे से फायर कर दिया। पीडित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाय है कि उसकी बेटिया उसकी संपत्ति को हड़पना चाहती है। इसको लेकर उनके ससुराल पक्ष के लोग भी शामिल है। पीड़ित ने बताया कि दो दिन पूर्व उसकी बेटिया अपने ससुराल पक्ष के लोगों के साथ घर पर आई गाली गलौज करने लगी। उसने मना किया तो आरोपियों ने उसके सारथ पिटाई कर फायर कर दिया। इस दौरान उसके बेटे और पुत्रवधू ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो पक्षों के बीच तनाव की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्रके गांव भदस्याना में दो पक्षों के बीच तनाव की सूचना पर पुलिस में अफरा तफरी मच गई। सूचना के बाद बहाद. ुरगढ़ थाना प्रभारी समेत अन्य थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि मामला सामन्य होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है।

गांव भदस्याना में पिछले पांच दिन से दो पक्षों के बीच एक विवाद को लेकर वर्चस चला आ रहा है। दोनों ही पक्ष के लोग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है। मंगलवार की रात को भी दोनों पक्षों के बीच सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो लेकर तनाव हो गया। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंच गए और उनके बाद अन्य थाने की पुलिस भी पहुंच गई। दोनों पक्षों के लोगों से वार्ता की गई। मामला सामान्य होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि तीन दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर गांव निवासी युवक पर नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की। इस दौरान बुधवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और फरारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरा. ेपी प्रणव पुत्र नीरज कुमार निवासी ग्राम श्यामपुर थाना हापुड देहात जनपद हापुड को रामलीला ग्राउण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवती ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोपी युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे है आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के कस्तला गांव में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट का मामला सामने आया है जहां कस्तला गांव में जहां कुछ ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। वही ग्राम प्रधान प्रदीप तोमर ने जब बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो उन पर भी हमला कर दिया गया। हालांकि, अभी तक इस मामले में अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार, गांव कस्तला कासमाबाद में एएनएम और कुछ ग्रामीणों के बीच किसी मुद्दे को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर कुछ उग्र ग्रामीणों ने एएनएम पर हाथ उठा दिया। यह देखकर ग्राम प्रधान प्रदीप तोमर घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने झगड़ा शांत करने का प्रयास किया। लेकिन गुस्साए ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर भी हमला कर दिया। इस घटना से गांव में अशांति फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि विवाद को बढ़ाने के लिए कुछ लोग जिम्मेदार हैं। वहीं, ग्राम प्रधान के समर्थकों ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि इस मामले को गंभीरता से लिया है और घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की छात्रा अंशिका ने 99.4% से मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024-25 सीबीएसई के परिणाम घोषित कर दिए हैं। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़ के छात्रों ने इस बार बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के 12 टॉपर्स में अंशिका सिरोही 99.4% हर्षिता 95.8% जिया 95.6% आस्था 88% सन्नी कसाना 87.8% शिवात्यागी 87.5% ने बाज़ी मारी।

जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़ के छात्रों ने इस बार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इतिहास रचने वाले विद्यालयो की श्रेणी में जेएमएस ने अपना नाम आज 12वीं के रिजल्ट के बाद दर्ज कराया। 99.4% के साथ अंशिका सिरोही ने बाजी मारी। इसी के साथ विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ी। अंशिका ने इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य गुरु तथा अपने माता-पिता को दिया। अंशिका के माता-पिता का कहना है कि उनकी बेटी ने इस मुकाम को हासिल करने के लिए कड़ा परिश्रम किया। इस के साथ स्कूल के कक्षा 10 के टॉपर्स तनवी चौधरी 95.5% जतिन सिंह 92.2% अश्विका 92% प्रिंस यादव 91.8% यति कंसल 89.6% साद अहमद 88.8% अर्जुन वर्मा 88.2% सुजल चौधरी 86% हासिल किए। स्कूल की प्रिंसिपल डा. निधि मलिक ने छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्कूल के प्रबंधक डा. आयुष सिंघल ने भी छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से केक कटवाया तथा उनका मुंह मीठा कराकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की समर्पित अध्यापन शैली और माता-पिता के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। अंत में स्कूल सेक्रेटरी डा. रोहन सिंहल ने स्कूल प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक व ऐकेडमिक कॉर्डिनेटर सोनिया शर्मा और पुष्पेन्द्र चौधरी तथा एडमिन लवलेश सिरोही, मीनू सिरोही को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।





आंशिका सिरोही 99.4% क्लास 12

# विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** बुधवार को विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 38 छात्रों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष जनार्दन गुप्ता ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और नियमित उपस्थिति ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। निद. ेशक नदीश गुप्ता और प्रधानाचार्य एन पी सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह सफलता उनके समर्पण और लगन का परिणाम है। समारोह के अंत में सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।



# रामलीला समिति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ के तत्वावधान में रसमय श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा महोत्सव दिनांक 22 मई 2025 से 30 मई 2025 तक साय 6:00 बजे से श्री सनातन धर्म सभा मंदिर प्रांगण कोठी गेट हापुड़ में किया जाएगा। कथा का आमंत्रण पत्र समिति के पदाधिकारीयो द्वारा द्वारिकाधीश मंदिर मथुरा बांके बिहारी मंदिर वृंदावन एवं राधा रानी मंदिर बरसाना में देकर आयोजन का श्री गणेश किया गया।

समिति के महामंत्री विनोद कुमार वर्मा ने बताया की आयोजन की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। कोषाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया की समिति के पदाधिकारी द्वारा बाजार बाजार जाकर कथा के आमंत्रण कार्ड बांटे जा रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक नवीन गुप्ता ने बताया की 22 मई 2025 को एक कलश यात्रा महावीर दल चंडी रोड हापुड़ से साय 4:00 बजे से श्री सनातन धर्म सभा मंदिर के लिए निकली जाएगी। मीडिया प्रभारी शुभम गोयल एडवोकेट ने बताया कि कथा के दौरान सुंदर-सुंदर झांकियो को भी आयोजित किया जाएगा एवं समिति द्वारा कथा का लाइव प्रसारण भी समिति के चैनल पर किया जाएगा



# वाटर पार्क में नहाने के दौरान दो पक्षों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के स्याना रोड स्थित वाटर पार्क में नहाने के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस से पहले दोनों पक्ष मौके से फरार हो गए। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई। वीडियो बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित स्याना रोड वाटर पार्क की बताई गई है। वीडियो में दो पक्षों के बीच नहाने के दौरान हुई कहासुनी के बाद मारपीट होती नजर आ रही है। इस दौरान दोनों ही पक्ष के लोग एक दूसरे पर हमला कर रहे है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर पुलिस में अफरा तफरी मच गई। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले दोनों पक्षों के लोग वहां से फरार हो गए। पुलिस अब दोनों पक्षों के आरोपियों की तलाश कर रही है

## वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती के साथ गांव निवासी युवक ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने थाने में तहरी देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की। आरोपी को पुलिस ने गांव के निकट से गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

## आवश्यता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

चांद मियां

जिला प्रभारी, शाह टाइम्स

जनपद हापुड़

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# रामपुर केयर हॉस्पिटल की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग का छापा

## केयर हॉस्पिटल के संचालक की मनमानी का मामला आया प्रकाश में

**( हरमेश भाटिया )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहर के केयर हॉस्पिटल के संचालक की मनमानी करने का मामला प्रकाश में आया है जहां लखनऊ से लुबना सईद अपने पिता. जी को चार दिन पहले इलाज के लिए केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया था लेकिन अस्पताल के संचालक की मनमानी के चलते पेशेंट को डिस्चार्ज कर लिया गया।

मामला लखनऊ निवासी लुबना सईद ने अपने पिता मोहम्मद शाहिद जमाली को तबीयत खराब होने के कारण केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

जहां अस्पताल में पूर्ण तरीके से सुविधा न मिलने के कारण शिकायतकर्ता ने अस्पताल संच. ालक से इसकी शिकायत की जिसके चलते अस्पताल संचालक ने दिमारदार से अभद्रता की और कहा कि अपने मरीज को लेकर यहां से चले जाओ। तीमारदार ने परेशान होकर रामपुर सीएमओ से इस मामले की शिकायत की जहां




शिकायतकर्ता लुबना सईद का कहना है कि मेरे पिता को चार दिन पहले केयर हॉस्पिटल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया था जहां मरीज को ICU में रखा गया था लेकिन ICU में जो मरीज के लिए सुविधा दी जाती है वह सुविधा उपलब्ध नहीं थी, बिजली जाने पर जनरेटर की सुविधा भी नहीं है।
ICU में भी सबको बिना पंखे ब के रखा गया है, मरीज को एक रूम से दूसरे रूम में शिफ्ट करने के लिए कोई मूलभूत सुविधा रैम्प की उपलब्ध नहीं है। शिकायतकर्ता का कहना है कि मेरे द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम को लिखित शिकायत दी गई है कि जो भी अस्पताल में सुविधा उपलब्ध नहीं है मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।
उसको लेकर स्वास्थ्य विभाग अस्पताल के संचालक पर कार्रवाई करें जिससे कि मरीजों को जो दिक्कतें हो रही है वह उत्पन्न ना हो।

**बर्जन**

एसीएमओ कत वरुण का कहना है कि मरीज के परिजनों की ओर से तहरीर दी गई है जिसमें कहा गया है कि केयर हॉस्पिटल संचालक का व्यवहार ठीक नहीं है और हमारे मरीज को भी यहां अस्पताल में कोई मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है अस्पताल में मरीज को लाने ले जाने के लिए में गेट पर ना तो कोई रैम बनी है,, ना तो हॉस्पिटल में लाइट की सुविधा है और न ही कोई सुविधा पूर्ण तरीके से मरीज को दी जा रही है एसीएमओ ने बताया कि केयर हॉस्पिटल हॉस्पिटल मैं जो मरीज मिले हैं उन सभी के नाम नोट कर लिए गए हैं अब इसमें जांच की जाएगी जांच के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

केयर हॉस्पिटल में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची और अस्पताल के संचालक को साथ ले हॉस्पिटल का जायजा लिया।

# सांसद ने जिले के टॉपर्स बच्चों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अपने कैंप कार्यालय तोपखाने पर हाई स्कूल का इंटरमीडिएट के बच्चे जिन्होंने अच्छे नम्बरों से जिले में टॉप किया था उन बच्चों को सांसद ने सम्मानित किया। इसके अलावा स्कूल के टीचर्स प्रिंसिपल व बच्चों के माता-पिता जो साथ में आए थे उनको भी आश्वासन दिया के किसी बच्चे को आगे अगर एजुकेशन में कोई भी दिक्कत आती है तो मैं उसकी सहायता करूंगा। किसी भी बच्चे को एजुकेशन में कोई दिक्कत नहीं आने दूंगा और बच्चों की हौसला की। जिले के टॉप 10 नंबर प्राप्त करने वाले करने वाले 42 बच्चों को सम्मानित किया गया। सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अपने कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि भारत की बेटियों ने मिशन सिन्दूर में सफलता प्राप्त की तथा भाजपा के नेताओं ने वह मंत्रियों ने भी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करके सेना के मनोबल को तोड़ने का काम किया है तथा देश की सेना को भी धर्म के चश्मे से देखकर जोड़ा है जिससे सेना का अपमान हुआ है। जिसे हमारा देश



कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। बीजेपी के नेताओं ने भी सुप्रीम कोर्ट पर भी टिप्पणी की थी और कहा था कि सुप्रीम कोर्ट देश में गृह युद्ध करना चाहता है। जनता सब समझ चुकी है कि भाजपा के नेता हमेशा बांटने की राजनीति करते हैं हमारा देश एक अखंड भारत है और वह इन नेताओं की भाषाओं को अच्छी तरह समझ चुका है अगर मंत्री विजय शाह ने इस्तीफा नहीं दिया तब मैं व सपा ऐसे मंत्रियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। जंग की कार्यवाही हमारे देश ने शुरू की थी तथा तीसरे मुल्क ने बीच में पड़कर सीजफायर कराया है इससे भी हमारी सेना का मनोबल टूटा है। जंग में हमारा पूरा देश हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब एक साथ खड़े थे और हमारे देश की सेना अपनी कार्यवाही ब खूबी निभा रही थी तथा दुश्मन देश के दांत खट्टे कर दिए थे अमेरिका ने व्यापार का समझौता के दबाव में लेकर सीजफायर कराया है। इंडिया गठबंधन ब विपक्षी सभी दलों ने विशेष सत्र बुलाने की सरकार से मांग की है इस मौके पर सांसद जी के साथ सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, हाफिज नूरी, अरशद एडवोकेट, नासिर शेख, जमील सैफी, उस्मान, आसिफ, रामबहादुर आदि लोग शामिल रहे।

# मिशन रोड सेफ्टी के अन्तर्गत चलाया गया जन जागरूकता अभियान

**( मो. आसिफ अली )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर/रामपुर।** बुधवार को सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान एवं डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बुधवार को यातायात, रामपुर पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान परवाह के अन्तर्गत सैन्ट मेरी स्कूल रामपुर तथा थाना अजीमनगर, रामपुर पुलिस द्वारा सैन्ट फ्रांसिस कॉन्वेन्ट स्कूल ग्राम अजीमनगर में छात्र-छात्राओ व अध्यापकगण को ऑपरेशन परवाह के अन्तर्गत यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी, जिसमें छात्र-छात्राओ व अध्यापकगणों को यातायात के नियमो का पालन करने



तथा रोड सेफ्टी के सम्बन्ध में अनुपालन हेतु विस्तार से समझाया गया। सभी से अपने माता-पिता तथा आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी।

# पीड़ित के परिवार से भूडासी मिलने पहुंचे सांसद

**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के भुड़ासी में बीते शनिवार को दलित परिवार की बेटी की शादी में बारातियों के साथ विवाद व पत्थर बाजी की घटना हुई थी।जिसकी बावत दलित परिवार का हाल चाल जानने के लिये रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी भुड़ासी गांव पहुंचे उन्होंने दलित परिवार से बात कर उनका हासिल जाना इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे जो दलित भाइयों के साथ पहले जो अत्याचार हुआ या हो चुका है और अब उसे हिंदुस्तान की जमीन पर दौहराने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि सभी लोकतंत्र का हिस्सा है। हम समाज में बांटने की बात नहीं कर सकते समाज में सभी को बराबर का हक मिलेगा चाहे वह ब्राह्मण , दलित , मुस्लिम, सीख चाहे वह ईसाई हो अगर वह हिंदुस्तानी है तो उसका हक बराबर मिलेगा। किसी को किसी का अपमान करने की इजाजत नहीं मिलेगी। पूरा हिंदुस्तान एक परिवार है और यह जो इंसानियत से गिरी हुई बातें हैं कोई किसी को दलित समझ कर नीचा समझ रहा है कोई किसी को ताना दे रहा है इस तरह किसी को बिल्कुल नहीं करना है हमें आगे बढ़ने की सोचना है। ऐसे लोगों के खिलाफ कानून में जो हमें हक दिया है हम कानून से लड़ेंगे। हमारी किसी समाज से लड़ाई नहीं है हमारी लड़ाई उस मानसिकता से है जो किसी को ऊंच नीच में बाटती हो हमारी उससे लड़ाई है। इससे हमारी लड़ाई पहले भी थी आज भी है आगे भी रहेगी। हम देश एक परिवार हैं। इसको टूटने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान एडवोकेट मेहबूब अली पाशा और शाहबाद से नसीम मियां व पीड़ित परिवार व गांव के लोग मौजूद रहे।



# पुलिस मुठभेड़ में तीन गौकश घायल, किए गिरफ्तार

**तीन तमंचे तीन जिन्दा व तीन खोखा कारतूस एवं एक मोटर साइकिल स्पलेन्डर बिना नम्बर प्लेट आदि बरामद**

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा दिनांक 13/14.05.2025 की रात्रि में 03 शातिर गौकशों को पुलिस मुढभेड में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार गौकश शहर के आस-पास छुट्टा गौवंशीय पशुओं को मौका देखकर काट लेते थे।

घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 13/14.05.2025 की रात्रि में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान थाना सिविल लाइन पुलिस को एक बिना नम्बर वाली मोटर साइकिल पर 03 व्यक्ति आश्रम पद्धति रोड कच्चे रास्ते पर जाते दिखाई दिये । पुलिस द्वारा टोकने पर मोटर साइकिल तेज कर भागने लगे । पुलिस से घिरता देख मोटर साइकिल सवार व्यक्ति मोटर साइकिल छोडकर भागने लगे तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी कार्यवाही में तीनों व्यक्ति पैर



में गोली लगने से घायल हो गये । घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल रामपुर भिजवाया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण निम्नवत है इकरार पुत्र खुर्शीद निवासी बजरिया खान सामा थाना गंज रामपुर, साजिद पुत्र बब्लू उर्फ बब्बू कुरैशी नि0 ग्राम अब्दुल्ला थाना मिलक जनपद रामपुर,फैमान उर्फ फरमान पुत्र रहमत खा निवासी तीतर वाली पाखड थाना गंज रामपुर है जिनके पास से बरामदगी 02 अदद तमंचे 315 बोर नाजायज मय दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर एक अदद तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर मय एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर एक दाब, रस्सी एक अदद मोटरसाईकिल स्पलेन्डर प्लस रंग काला चौसिस नं. MBLHAW087KHB00418, इन्जन नं. HA10AGKHB00357 बिना नम्बर प्लेट मिली है।

पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने-अपने घरों का खर्चा चलाने के लिए संगठित रुप से शहर के आस-पास छुट्टा गौवंशीय पशुओं को मौका देखकर काट लेते हैं। गिरफ्तार अभियुक्त साजिद पुत्र बब्लू उर्फ बब्बू कुरैशी उपरोक्त थाना मिलक से प्रचलित एचएस है। कृत कार्यवाही थाना सिविल लाइन पर मु.अ.सं.- 193/2025, धारा- 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम इकरार आदि 03 नफर उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम उ. नि. रामकुमार वशिष्ठ उ. नि.योगेश कुमार, उ. नि. पवन कुमार, हे.का. 455 लोकेन्द्र सिंह, हे.का. 543 कौशर अली, का. 394 मोहित कुमार आदि रहे।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए दुकान और मकानों पर लगाए गए लाल निशान, जल्द शुरू होगा काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सड़क चौड़ीकरण की तैयारी जोरों पर चल रही हैं। जिसे लेकर नंगे के प्रमुख मार्ग को चौड़ा किया जाना है, जिसे लेकर अब काम शुरू हो गया है। बुधवार को पीडब्ल्यूडी की टीम ने नगर के रामपुर चौराहे से लेकर बिलारी चौराहे तक मकानों व दुक. ानों पर लाल निशान लगाए। अब जल्द ही इन मार्ग को चौड़ा करने का काम शुरू होगा।

सड़क चौड़ी होने के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और आए दिन लगने वाले जाम से भी लोगों को छुटकारा मिलेगा। पीडब्ल्यूडी की टीम ने चौड़ीकरण की जद में आने वाले भवनों व दुकानों पर निशान लगाकर अंतिम मार्किंग कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह पीडब्ल्यूडी की टीम शाहबाद



पहुंची। इस दौरान एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय उनके साथ रहे। यहां से टीम ने रामपुर चौराहे से लेकर बिलारी चौराहा तक सड़क के किनारे बने मकान व दुक. ानों पर लाल निशान लगाए। जानक. ारी देते हुए पीडब्ल्यूडी के एई मनो. हर प्रसाद ने बताया कि आवादी भाग में जहां जहां अतिक्रमण हैं वहां सड़क चौड़ीकरण को लेकर निशान लगाए जा रहे हैं।

सड़क चौड़ीकरण के दौरान सड़क किनारे फुटपाथ बनाया जाएगा और साथ ही साथ नाली निर्माण भी कराया जाएगा।

# सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को शहर के जिला सहकारी बैंक रामपुर सभागार में विकास खण्ड चमरौआ के समस्त बेसिक शिक्षक परिवार एवं समस्त शैक्षिक संगठनों द्वारा 'सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक रामपुर के चेयरमैन मोहनलाल सैनी विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, वित्त एवं लेखा अधिकारी विकास खंडेलवाल और खण्ड शिक्षा अधिकारी चमरौआ राजेंद्र सिंह बोरा, पन्नालाल सैनी, जिला समन्वयक मध्याह्न भोजन राहुल सक्सेना उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक रामपुर के चेयरमैन मोहनलाल सैनी ने समस्त सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं को उनके अग्रिम जीवन की शुभकामनाएं देते हुए




कहा कि व्यक्ति कभी रिटायर नहीं होता वह केवल अपनी सेवाओं से रिटायर होता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि विश्व में भारत का सर्वोत्तम स्थान है और इसकी संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है एवं शिक्षक समाज में भारतीय संस्कृति को सदैव आगे बढ़ने का कार्य करते हैं, एक शिक्षक नए समाज का निर्माण करता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समस्त सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को उनकी सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा विभाग को दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना की एवं आश्वासन दिलाया कि उनके समस्त प्रकार के देयकों से संबंधित कार्य' अति शीघ्र पूर्ण कर दिए जाएंगे। समस्त अतिथि गणों द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह एवं उपहार प्रदान किए गए साथ ही फूल मालाएं पहनाकर शाल ओढ़ाकर सम्मानित' किया गया। वरिष्ठ शिक्षिका अनीता गुप्ता द्वारा सेवानिवृत शिक्षक/ शिक्षिकाओं को एक - एक पौधा भेंट किया गया साथ ही उपस्थित सम्मानित अतिथिगणों को भी उनके द्वारा एक-एक पौधा सम्मान स्वरूप भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत में चमरौआ विकास खण्ड के खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा द्वारा समस्त सम्मानित अतिथि गणों एवं सेवानिवृत शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया एवं उन्होंने समस्त सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं को उनके अग्रिम जीवन हेतु शुभकामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री अंजुम सक्सेना ने अपनी 'स्वरचित कविता के माध्यम से समस्त सम्मानित अतिथि गणों एवं सेवा. निवृत हुए शिक्षकों को उनके कार्यकाल हेतु बधाई दी। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह ने कहा की समस्त शिक्षकों ने विभाग में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है एवं विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने हेतु नई दिशा प्रदान की है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षक सुरेंद्र यादव द्वारा अपनी मधुर आवाज में एक शिक्षक के जीवन और उनके द्वारा दिए जाने वाले बहुमूल्य योगदान पर आधारित एक सुंदर वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार सैनी, मनोज कुमार, प्रसन्न प्रकाश, अमितेश झा, चमन सिंह गौतम, सौरभ शर्मा, उमेश पाल सिंह, नरेश कुमार, विनीत श्रीवास्तव, विवेक सैनी, गौरवदीप गुप्ता, नीरज अग्रवाल, प्रदीप कुमार, आलोक सक्सेना, राकेश कुमार विश्वकर्मा, सुमित गंगवार, फुरकान मोहम्मद, महेंद्र कुमार हल्दिया, तरुण उपाध्याय, शालिनी रावत, विशाखा' आदि शिक्षकों ने विभिन्न व्यवस्थाओं में अपना अमूल्य योगदान दिया । तथा समस्त टीचर्स उपस्थित रहे ।

# कॉमर्स में फिर चमके सनी टीचर के छात्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सीबीएसई द्वारा मंगलवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। हर साल की तरह इस बार भी कॉमर्स विषय में सनी अरोड़ा के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च स्थान प्राप्त किया।

कॉमर्स स्ट्रीम के छात्र गर्वित जैन'' ने 96.6%अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान अर्जित किया। वहीं 'जैज जॉनसन' ने भी उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर न केवल अपने शिक्षक सनी बल्कि अपने माता-पिता का नाम भी रोशन किया। सनी अरोड़ा के अन्य छात्रों ने भी कॉमर्स विषय में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कई अन्य छात्रों क भी कॉमर्स के विषय में 90% से



सनी अरोड़ा टीचर

अधिक अंक प्राप्त किये। इस सफलता पर सनी टीचर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, जिन छात्रों के अंक अपेक्षा से कम आए हैं, उन्हें निराश न होकर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की सलाह दी।

# रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक को रंगे हाथ पकड़ा

- दस हजार रुपये देने गया था किसान
- जमीन पैमाइश के नाम पर मांगी रिश्वत
- किसान से मांगे थे पचास हजार, पच्चीस हजार में तय हुआ सौदा
- इज्जत नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जमीन की पैमाइश कराने के नाम पर दस हजार रुपये की रिश्वत लेते नवाबगंज के ग्राम मुड़िया तेली निवासी राजस्व निरीक्षक रिठौरा सदर तहसील नरेन्द्र पाल गंगवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एंटी करप्शन इंस्पेक्टर इश्तियाक वारसी ने इज्जत नगर थाने में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एंटी करप्शन सीओ यशपाल सिंह ने बताया कि रिठौरा निवासी पूरनलाल शर्मा ने विभाग में लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि कस्बा रिठौरा में उनकी अलग-अलग गाटा संख्या के चार रकबे में कृषि भूमि है। इसकी उन्हें पैमाइश करानी थी।

आरोप है कि सदर तहसील के रिठौरा के राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र पाल गंगवार ने इस काम के लिए उनसे 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। दोनों के बीच 25 हजार रुपये में तय हो गया, लेकिन पूरनलाल आरोपी को रुपये नहीं देना चाहता था।

इसके चलते एंटी करप्शन सीओ से मामले की शिकायत कर दी। इसके बाद इंस्पेक्टर इश्तियाक वारसी के नेतृत्व में ट्रैप टीम गठित की गई। पीड़ित के साथ टीम मंगलवार शाम को आरोपी के बताए स्थान रिठौरा स्थित ईदगाह के निकट तिराहे पर पहुंची।

पीड़ित ने जैसे ही आरोपी राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र पाल गंगवार के हाथों में रुपये दिए, पहले से घेराबंदी किए हुए एंटी करप्शन की टीम ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि किसान पूरन लाल से 25 हजार रुपये में मामला तय हुआ था।

रिश्वत की पहली किस्त के रूप में दस हजार रुपये ले रहा था। राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र पाल गंगवार के खिलाफ इज्जत नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। साथ ही आरोपी से टीम लगातार पूछताछ कर रही है। सीओ ने साफ किया है कि बरेली मंडल का कोई भी पीड़ित व्यक्ति पुलिस उपाधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन के मोबाइल नंबर पर 9454405475 संपर्क करके अथवा कार्यालय आकर रिश्वत मांगे जाने के मामले में शिकायत कर सकता है।

# सिरफिरे की शर्मनाक हरकत

## दूसरी जगह शादी की तो भाई को जान से मार दूंगा

- घर में घुसकर युवती को बुरी नियत से दबोचा
- पुलिस ने युवक पर दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक लड़की ने पड़ोस के ही एक युवक पर घर में घुसकर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि युवक ने उसको बचाने आई उसकी मां बहन को बुरी तरह मारा पीटा, और धमकी दी कि अगर उसकी शादी कहीं और की तो वह उसे उठाकर ले जायेगा। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



ग्राम जाम सावंत जनूबी निवासी एक युवती का कहना है कि बीती 13 मई को जब वह घर पर अकेली थी, तब सुबह करीब 11:00 बजे पड़ोस का नाजिम पुत्र अब्दुल कलाम मौका पाकर उसके घर में घुस आया, और उसको बुरी नियत से दबोच कर जमीन पर लिटा लिया।

इसके बाद युवक उसके साथ गन्दी गन्दी हरकतें करने लगा, और विरोध करने पर उसका मुंह दबाकर उसके गुप्तांगों को दाबने लगा। चीखने चिल्लाने पर उसकी मां व बहन मौके पर आ गयी, और उसको छुड़ाने की कोशिश की तो उक्त नाजिम ने उसकी मां व बहन को लात-घूंसों व सरिया से मारा पीटा।

शोर शराबा होने पर उक्त युवक धमकी देते हुये बोला कि अगर उसने दूसरी जगह शादी कर ली तो तेरे भाई को जान से मार दूंगा। युवक ने यह भी धमकी दी कि अगर घटना के सम्बन्ध में पुलिस में शिकायत की तो तुझे जबरन उठाकर ले जाऊंगा।

घटना के बाद युवती ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने आरोपी युवक नाजिम पुत्र अब्दुल कलाम निवासी जाम सावंत जनूबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# इनवर्टर में करंट लगने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना सुभाष नगर क्षेत्र के मणिनाथ इलाके में एक 24 वर्षीय युवक प्रवीण की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक के मामा प्रमोद के अनुसार, बुधवार देर शाम पड़ोस में रहने वाला इलेक्ट्रीशियन सुबोध इनवर्टर बदलने के लिए प्रवीण के घर आया था। इसी दौरान उसने प्रवीण को एक तार पकड़ने को कहा जिसमें करंट था। करंट लगते ही प्रवीण बेहोश होकर गिर गया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रवीण की मां संतोष देवी ने मैकेनिक सुबोध पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

# पत्रकार को पितृ शोक, किया गया सुपर्द ए खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार मो० तैय्यब खां के पिता व सुन्नी विद्वान हाजी हाफिज मोहम्मद यूनुस खान का मंगलवार को निधन हो गया, उन्हें बुधवार को कस्बा रिठौरा के कब्रिस्तान में सुपर्द ए खाक कर दिया गया।



पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे दैनिक जागरण के पत्रकार मोहम्मद तैयब खान के पिता हाजी हाफिज मोहम्मद यूनुस खान का मंगलवार की रात निधन हो गया, वे 80 वर्ष के थे। बुधवार को कस्बे में ही उन्हें सुपुर्द ए खघक कर दिया गया।

हाजी हाफिज मोहम्मद यूनुस खान अपने मिलनसार स्वभाव व सामाजिक सहभागिता के लिए जाने जाते थे। क्षेत्र में उनकी एक अलग ही पहचान थी। वह एक विख्यात सुन्नी विद्वान भी थे, इसके साथ ही सामाजिक कार्यों में भी वे सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उनके निधन से परिवार में शोक की लहर तो दौड़ गई। कस्बा के आसपास के गांव के लोग भी अंतिम बार उन्हें देखने के लिए उनके घर की ओर दौड़ पड़े। बुधवार की सुबह नम आंखों के साथ पत्रकार के पिता को कस्बा रिठौरा के ही कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खघक कर दिया गया। उनके इंतकाल पर पत्रकार दिनेश गंगवार, किशोर गंगवार, रमेश चंद्र शर्मा, अमित मिश्रा, जफरुद्दीन मंसूरी, जमील अंसारी, रंजन जैदी, फिजा अब्बास जैदी, सचिन मिश्रा के साथ ही सपा नेता नजाकत खां, मंसूर खां, पूर्व प्रधान हामिद अली सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों आदि ने शोक जताया है और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# 16 मई को कस्बे में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ऑपरेशन सिन्दूर के समर्थन में भाजपा 16 मई को कस्बे में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकालेगी।

भाजपा विधायक डॉक्टर एमपी आर्य द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक नगर के श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज से सुबह साढ़े आठ बजे निकलने वाली तिरंगा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकलेगी। विधायक ने नगर के साथ ही क्षेत्र के लोगों से इस तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# जीआरएम स्कूल के रुद्राक्ष सिंह ने 96.66 अंक हासिल कर बढ़ाया जिले का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**बरेली।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा के नतीजे मंगलवार को घोषित होते ही छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। जीआरएम स्कूल, डोहरा रोड ब्रांच के छात्र रुद्राक्ष सिंह ने 96.66 फीसदी अंक हासिल कर विद्यालय और परिजनों का नाम रोशन किया है।

**विज्ञान में 99 और आईटी में परफेक्ट 100 अंक**

रुद्राक्ष ने विज्ञान में 99, गणित में 94 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। रुद्राक्ष के पिता रणजीत सिंह महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली में कार्यरत हैं। परिवार सुपर सिटी, बरेली में रहता है। रुद्राक्ष की सफलता पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और परिजनों ने उसे बधाई दी। रुद्राक्ष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। वहीं, 12वीं के परिणाम में दिल्ली पब्लिक स्कूल की स्तुति वर्मा और यशस्वी कुमार ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर बरेली मंडल में टॉप किया है। सिटी कोऑर्डिनेटर वी.के. मिश्रा ने जानकारी दी कि जीआरएम डोहरा रोड ब्रांच के केशव भाटिया ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.4 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। माधवराव सिंधिया स्कूल की पावनी ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल किए।

# बरेली पुलिस ने उतारा फखरूद्दीन पाकिस्तानी बुखार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में पाकिस्तान के एक समर्थक को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल युवक ने पाकिस्तान के लिए प्रेम दर्शाते हुए पाकिस्तान जिंदाबाद लिखकर फेसबुक पर वीडियो शेयर कर दिया। जब मामले की शिकायत हिंदू संगठन के कार्यकर्ता हिमांशु पटेल ने बरेली पुलिस से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की तो पुलिस ने एक्शन लेते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

**अब लंगड़ाते हुए बोला पाकिस्तान मुर्दाबाद**

पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करके जेल भेज रही है। यह मामला थाना फरीदपुर क्षेत्र के एक गांव का है, जहां फखरुद्दीन नाम के युवक ने फेसबुक पर देश विरोधी वीडियो बनाकर के शेयर कर दिया है, और कैप्शन में पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा है।

कुछ दिन पहले देवरनियां थाना क्षेत्र में भी एक युवक ने पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था, जिसके बाद आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। बरेली में इस तरह की घटना लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिसमें युवक लगातार पाकिस्तान के लिए प्रेम दिखा रहे हैं। वहीं एसपी ग्रामीण अंशिका वर्मा ने बताया कि फरीदपुर थाना क्षेत्र में देश विरोधी वीडियो वायरल हुआ। जिसके बाद सोशल मीडिया साइबर सेल ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। आज आरोपी को धारा 351 (2) के तहत आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री और साहिकाओं के सेवानिवृत्ति होने पर दी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** बाल विकास परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाओं को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। विकास खण्ड कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें फूल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

सीडीपीओ भानू प्रताप सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं हमारे समाज की नींव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे बचपन के विकास और मातृ स्वास्थ्य की दिशा में अथक प्रयास करती हैं अक्सर सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी यह कर्मचारी समर्पित भाव से कार्य करते हैं। जब ये समर्पित कर्मी सेवानिवृत्त होते हैं तो यह उनके दशकों के निस्वार्थ सेवा और समर्पण का सम्मान करने का क्षण होता है। उनके वर्षों के अटूट समर्पण, उनके धैर्य, उनकी करुणा और हमारे समाज के सबसे कमजोर सदस्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सलाम करते हैं। उनकी विरासत अनगिनत बच्चों के उज्जवल भविष्य में जीवित रहेगी, जिनकी उन्होंने देखभाल की और जिनके जीवन को उन्होंने समृद्ध किया।

इसके साथ ही सीडीपीओ भानु प्रताप सिंह ने इन कर्मचारियों के निजी जीवन के बारे में पूछा तो सरोज शर्मा ने बताया कि उन्होंने अब तक अपना जीवन समाजसेवा को समर्पित किया है जिसमें उनके परिवार ने पूरा सहयोग दिया है,साथ ही उन्होंने अपने बच्चों को अच्छी उच्च शिक्षा भी दी है, उनके एक पुत्र कस्बे के जाने माने पत्रकार हैं, एक पुत्र पुणे यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर और एक पुत्र अर्धसैनिक बल में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं।परिवार में सभी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सामाजिक विकास में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मी के साथ अन्य विकास खंड कर्मचारी मौजूद रहे।

# राजस्थान में खोया मोबाइल लौटाकर पेश की इंसानियत की मिसाल

- फतेहगंज पश्चिमी निवासी अदीब अंसारी का खोया फोन कोरियर से लौटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** आज के समय में जहां मोबाइल फोन की चोरी आम बात हो गई है, वहीं एक ईमानदार शख्स ने इंसानियत की मिसाल पेश कर सबका दिल जीत लिया। फतेहगंज पश्चिमी निवासी अदीब अंसारी जोकि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष इमरान अंसारी के भांजे हैं, इनका कीमती आईफोन 15 राजस्थान के अजमेर में घूमने के दौरान भीड़भाड़ में गिर गया था, लेकिन किस्मत ने उसका साथ दिया और उसका मोबाइल एक सज्जन व्यक्ति के परिवार को मिला, जिसने न केवल फोन की डिटेल निकालकर संपर्क साधा, बल्कि उसे कोरियर के माध्यम से फतेहगंज पश्चिमी भिजवाकर ईमानदारी का परिचय दिया।

अदीब अंसारी अजमेर टूर पर सातअप्रैल को गए। इनका मोबाइल नौ अप्रैल को कहीं गिर गया था। राजस्थान चित्तौड़गढ़ जिले के कस्बा नीमच निवासी मोहम्मद हुसैन के परिवार को पड़ा मिला। इन्होंने ईमानदारी का परिचय देते हुए कीमती आईफोन कोरियर से भिजवाया। पिछले महीने अदीब अंसारी, जो फतेहगंज पश्चिमी कस्बे के रहने वाले हैं, राजस्थान के अजमेर शरीफ दरगाह की जियारत पर गए थे। वहां के भीड़भाड़ वाले इलाके में उनका कीमती आईफोन जेब से गिर गया। उन्होंने काफी खोजबीन की लेकिन फोन नहीं मिला। निराश होकर उन्होंने अजमेर दरगाह थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और फतेहगंज वापस लौट आए। कुछ दिन बाद एक अनजान नंबर से अदीब अंसारी के पास कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसे एक मोबाइल मिला है, जिसमें से अदीब की जानकारी प्राप्त हुई है। ईमानदार व्यक्ति ने मोबाइल की सुरक्षा बनाए रखते हुए खुद पहल कर अदीब से संपर्क साधा।

उन्होंने बताया कि उन्होंने फोन को चार्ज कर उसमें सिम कार्ड डाला और मालिक की जानकारी निकालने की कोशिश की। जैसे ही उन्हें सही जानकारी मिली, उन्होंने अदीब से संपर्क कर उसके फोन को वापस लौटाने की बात कही।

# हाईस्कूल परीक्षा में कालेज टॉपर बनीं जूविया रहमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उनको निखारने की जरूरत है। यह साबित करके दिखा दिया है शीशगढ़ की जूविया रहमान ने।

इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड से हाइस्कूल की परीक्षा में 93.6 अंक पाकर स्कूल की टापर बनने का गौरव हासिल किया है। इस बड़ी उपलब्धि से जूविया रहमान के परिवार में खुशी का माहौल है।

## बिना कोचिंग किए ही हर वर्ष कालेज टॉपर रहती है जूविया रहमान

जूविया रहमान के पिता अतीकुर रहमान ने बताया कि उनकी बेटी केवल कालेज अटेंड करती है। आज तक उसने किसी कोचिंग सेंटर में पढ़ाई नहीं की। उसको पढ़ने का जज्बा है। कालेज से आकर जितना भी खाली वक्त मिलता है अपनी पढ़ाई जारी रखती है। जूविया रहमान से ऐसे लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए जो यह कहते है कि बिना कोचिंग किए पास होना मुमकिन नहीं।

## डाक्टर बनने का सपना है जूविया रहमान का

जूविया रहमान का कहना है कि एमबीबीएस डाक्टर बनकर जनता की सेवा करना उनका मकसद है। वह अपने इसी सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपनी पढ़ाई को अंजाम दे रही है। जूविया रहमान की मां सीमा पिता अतीकुर रहमान भी अपनी बेटी की पढ़ाई में उसका हौंसला बढ़ाते हैं। हाईस्कूल की परीक्षा पास करने के बाद अब जूविया रहमान शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट बिदर कर्नाटक में प्रवेश लेकर अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करेगी और साथ में नीट परीक्षा की तैयारी भी यही से करेगी।

जूविया रहमान के पिता अतीकुर रहमान मूल रूप से शीशगढ़ कस्बे के निवासी हैं। वह व्यापार के सिलसिले में सितारगंज उत्तराखंड में रहते हैं।

उनकी पुत्री जूविया रहमान ने मो. हिंदर सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल सितारगंज उत्तराखंड में गत वर्ष कक्षा 9 में 95.38 प्रतिशत अंक पाकर कालेज की टापर बनी थी।

इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड से हाईस्कूल की परीक्षा में 93.6 प्रतिशत अंक पाकर इस बार भी कालेज की टापर स्टूडेंट बनने के रिकॉर्ड को अपने नाम बनाए रखा।

# धोखाधड़ी के मामले में अधिवक्ता सहित तीन को तीन साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कोर्ट के आदेशों पर दर्ज कराई गई धोखाधड़ी और अमानत में खघ्यानत के मामले में दस साल बाद कोर्ट ने एक अधिवक्ता सहित तीन लोगों को तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

नगर की दयालपुरा बस्ती के रहने वाले मो. यामीन पुत्र बुनंदन ने 10 अप्रैल 2015 को कोर्ट के आदेशों पर नगर में चल रही मातृ भूमि बेनिफिट म्युचुअल फंड के डोरी लाल दिवाकर, संदीप राठौर सहित 9 लोगों पर धोखाधड़ी करने और अमानत में खघ्यानत का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें विवेचक ने तीन लोगों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। जिसमें कंपनी के कैशियर डोरी लाल दिवाकर याकूबपुर, ग्राम मियांपुर के राजेन्द्र पाल के साथ ही नगर की पंजाबी कॉलोनी निकट राधा कृष्ण मन्दिर के हरिओम शर्मा एड का नाम शामिल था। दस साल तक चले इस मामले में मंगलवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट विनेश कुमार ने तीनों को आरोपी मानते हुए तीनों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही सभी पर दस हजार का जुर्माना भी लगाया है। पद संभालने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट विनेश कुमार द्वारा सुनाए गए अपने पहले सजा के इस फैसले की नगर और क्षेत्र में खासी चर्चा हो रही है।

# रवि बने पर्यावरण वन एवं जलवायु परिषद बोर्ड के केंद्रीय निदेशक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पर्यावरण वन जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई ने रवि भारद्वाज (रुद्र) को प्लांटेशन बोर्ड का केंद्रीय निदेशक नियुक्त किया है। रूद्र भारद्वाज को उनकी कार्य करने की प्रभावी प्रणाली और धरातल से जुड़कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने की क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

रूद्र भारद्वाज ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुए वृक्षारोपण के संरक्षण के लिए कमेटियां गठित की जाएंगी, और उनके संरक्षण के लिए अथक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या और प्रदूषण को कम करने के लिए उन्नत तकनीकों के द्वारा कार्य किया जाएगा।

रवि भारद्वाज उर्फ रुद्र ने परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल द्विवेदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें प्रकृति की सेवा करने का मौका मिला है, और वे भारत में युद्ध स्तर पर कार्य करने का प्रयास करेंगे। यह परिषद केंद्र में कार्यरत नेचर वेलफेयर विभाग की एजेंसी के रूप में



कार्य करती है, जो भारत सरकार पर्यावरण और वनिकी संबंधी नीतियों और कार्यक्रमों की योजना, प्रचार और समन्वय की देखरेख करती है।

सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिलते ही भारद्वाज के चाहने वालों की बधाई फोन कॉल के माध्यम से देश भर से आने का सिलसिला शुरू हो गया। बहेड़ी निवासी रवि भारद्वाज रुद्र को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन के प्लांटेशन बोर्ड का केंद्रीय निदेशक नियुक्त किए जाने पर सभी ने बधाई दी है। रवि भारद्वाज नगर के मोहल्ला लोधीपुर निवासी अम्बिका प्रसाद भारद्वाज के पुत्र हैं। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है और लोगों में खुशी की लहर है।

# नसीम अहमद से मिले ई-रिक्शा चालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ई-रिक्शा चालकों ने पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं पूर्व चेयरमैन पति नसीम अहमद से मुलाकात कर उनके सामने अपनी समस्याएँ रखीं। नसीम अहमद ने रिक्शा चालकों की समस्याएं सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि वे उनके साथ हमेशा खड़े रहेंगे, और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगें।



पूर्व चेयरमैन पति नसीम अहमद के निवास पर ई-रिक्शा चालकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ई-रिक्शा चालकों ने समस्याएं उठाते हुए काम के घंटों की समस्या, आय की कमी और सरकारी सुविधाओं की अनुपलब्धता आदि मुद्दे उठाये। रिक्शा चालकों ने अपनी बात रखने के बाद नसीम अहमद से इन समस्याओं के समाधान के लिए मदद की अपील की। इसपर नसीम अहमद ने ई-रिक्शा चालकों को भरोसा दिलाया कि वह उनकी आवाज को सरकार और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। बैठक में ई-रिक्शा एसोसिएशन के अध्यक्ष शहीद अहमद, सचिव जमालुद्दीन, शरीफ, तेजराम, रूप किशोर, मो. आरिफ, शफीक अहमद, इरफान, अशफाक, रफीक, लईक, सलीम, जफर आदि मौजूद रहे ।

# भागवत कथा के उपलक्ष्य में निकाली गई विशाल कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिंगतरा में श्रीमद् भागवत कथा एवं विशाल ज्ञान समारोह के उपलक्ष में आज प्रथम दिन प्रात: 9:00 बजे घोड़ा वग्गी एवं बैन्ड बाजों के साथ एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन गांव में स्थित शिव मंदिर से होते हुए भोजपुर सर्व सुख के शिव मंदिर तक जाकर जल लेकर वापस लाया गया श्री वृंदावन धाम से पधारे संत एवं ब्राह्मणों को बग्गी में बैठा कर कलश यात्रा में सम्मिलित कराया गया। उसके बाद श्री वृंदावन धाम से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास राजकमल दास महाराज जी के श्री मुख से कथा श्रवण कराई गई। कथा व्यास ने कहा कि भगवत श्रवण जीवन में हमें गति प्रदान करता है व शब्द यह बताता है कि श्रीमद् भागवत सभी पुराणों में वरिष्ठतम है। भागवत कथा सुन जो भक्ति मार्ग पर चलता है वह संसार रुपी जीवन से मुक्त हो जाता है। बाबा केशव दास ने बताया कि भागवत कथा सप्तदिवसीय है आगामी 21 मई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।




# भारतीय सेना और मोदी सरकार का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद, अपने वीर जवानों के जज्बे और हौसले को सलाम करने के लिए आज सुन्नी सोशल फोरम के बैनर तले जे.के.इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल धंतिया में ऑपरेशन सिंदूर के साथ भारतीय सेना जिंदाबाद, मोदी सरकार जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के साथ पाकिस्तान का कड़ा विरोध किया। अख्तर खान के द्वारा स्कूल के छात्रों को भारतीय सेना के बारे में अवगत कराया गया कि ऑपरेशन सिंदूर क्या है उसके बारे में भी बताया गया, छात्रों में देश के लिए देश भक्ति और भारतीय सेना के लिए जज्बा देखने को मिला।

# गन्ना बकाया भुगतान की मांग को लेकर सीएम से मिले विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** ओसवाल चीनी मिल के साथ ही जनपद पीलीभीत के बरखेड़ा की बजाज चीनी मिल पर क्षेत्र के गन्ना किसानों का करोड़ों रुपया बकाया है, लेकिन इन चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों को भुगतान नहीं किया जा रहा है।

गन्ना समिति के अध्यक्ष निर्भय गंगवार क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले, और उन्हें ओसवाल चीनी मिल पर पिछले वर्ष का 20 करोड़ 38 लाख और 5 हजार के साथ ही चालू वित्तीय वर्ष का 39 करोड़ 45 लाख 20 लाख कुल 59 करोड़ 83 लाख 25 हजार के बकाए का भुगतान कराए जाने और जनपद पीलीभीत के बरखेड़ा की बजाज चीनी मिल पर क्षेत्र के गन्ना किसानों का 128 करोड़ रुपए के बकाए का पत्र सौंपते हुए तत्काल ही दोनों चीनी मिलों से गन्ना किसानों का भुगतान कराए जाने की मांग की। इस मांग पत्र को काफी गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

इसके साथ ही विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने कस्बे में रोडवेज बस स्टैंड के न होने से नागरिकों को होने वाली परेशानी से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया, और जल्द से जल्द कस्बे में सीओ कार्यालय के सामने पड़ी सरकारी भूमि पर रोडवेज बस स्टैंड बनाए जाने के साथ ही कुंडरा कोठी मार्ग का चौड़ीकरण कराए जाने की मांग को लेकर भी पत्र सौंपे, जिसपर मुख्यमंत्री ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट, कपड़े फाड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** फरीदपुर क्षेत्र में एक महिला ने घर में घुसकर मारपीट और अभद्रता किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। साथ ही विरोध करने पर भाई बहनों के साथ मारपीट करने की बात कही है। पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत लेकर पहुंचे तो पुलिस ने पीड़ितों को बैरंग वापस कर दिया। इसके बाद मामले की शिकायत एसएसपी दफ्तर में की गई। साथ ही आलाधिकारियों के निर्देश पर पीड़ितों को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पीड़िता के अनुसार, 14 मई को सुबह 9 बजे जब उसके भाई अपनी तीन बहनों को घर पर छोड़कर काम के लिए बाहर गए थे, तभी गांव के इशरत, मुस्ताक, शाहिद, जाहिद और पप्पू ने सहित अन्य ने घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। आरोप यह भी है कि आरोपियों ने पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए और उसे गंभीर धमकियां दीं।

# हादसे में बाइक सवार दो मजदूरों की मौत

## मसूरी उत्तराखंड से लौटते समय हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मजदूरी करके घर लौट रहे बाइक सवार युवकों की अज्ञात वाहन की चपेट में आने के कारण मौत होने से परिवारों में कोहराम मच गया। परिजन युवकों के शवों को लेने के लिए रवाना हो गये थे।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पीपलोती खुर्द निवासी नमन वाल्मीकि व गांव पतेई खादर निवासी संदीप वाल्मीकि उत्तराखंड के मसूरी में मजदूरी करके बीती रात बाइक से अपने घरों को लौट रहे थे। इस दौरान बाइक सवारी युवक जब जनपद बिजनौर में नहटौर के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि नमन वाल्मीकि (20) व संदीप वाल्मीकि (28) की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही नहटौर पुलिस मौके




■ नहटौर में अज्ञात वाहन ने बाइक रौंदी

पर पहुंच गई थी। दोनों युवको के शवों का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जैसे ही दोनों युवकों की सड़क दुर्घटना में हुई मौत की खबर उनके घरों पर पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। संदीप अपने पीछे पत्नी पूजा और दो मासूम बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है जबकि नमन की अभी शादी नहीं हुई थी उसके रिश्ते की बात चल रही थी। परिजन मजदूर युवको के शवों को लेने के लिए जनपद बिजनौर मुख्यालय के लिए रवाना हो गये थे।



■ हसनपुर। हादसे में मजदूरों की मौत पर विलाप करते परिजन।

# ब्रेकर पर उछली बाइक गिरकर युवक की मौत

## छह माह पहले हुई थी शादी, साथी घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सड़क पर बने ब्रेकर पर बाइक उछलने के बाद नीचे गिरे आदर्श कुमार (24) की मौत हो गई। जबकि, उनका साथी लविश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक की शादी छह महीने पहले ही हुई थी।

मृतक आदर्श कुमार नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के नाजरपुर कलां गांव के रहने वाले किसान सुधीर के बेटे थे। दो भाइयों में बड़े आदर्श कुमार की शादी छह महीने पहले हुई थी। परिजनों के मुताबिक आदर्श कुमार डिडौली में हाईवे स्थित एक फैक्टरी में नौकरी करते थे। बुधवार की दोपहर आदर्श कुमार गांव के ही रहने वाले लविश के साथ बाइक पर सवार होकर अमरोहा आ रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक अमरोहा नगर कोतवाली क्षेत्र के राज सेलिब्रेशन के सामने पहुंची। तभी सड़क पर बने ब्रेकर पर बाइक उछल गई और आदर्श व लविश जमीन पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए दोनों घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने आदर्श कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि, लविश की टांग फ्रैक्चर हो गई है। डॉक्टर ने उसे भी हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। मृतक आदर्श कुमार की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक आदर्श कुमार की माता शारदा देवी का भी एक साल पहले बीमारी के चलते निधन हो गया था। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। घटना का पता चलने पर परिजन भी मौके पर

■ पुताई करके घर का गुजारा करता था जितेन्द्र

पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। 13 मई की रात को पुलिस को सूचना मिली कि अहरौला तेजवन फाटक से आगे खंबा संख्या 3/21 के पास एक युवक की ट्रेन की



चपेट में आकर मौत हो गई है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को कब्जे में लिया। शिनाख्त कराने का प्रयास किया तो उसकी पहचान जितेन्द्र (35) पुत्र अमर सिंह निवासी खाईखेड़ा खादर के रूप में हुई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मची है। जितेन्द्र रंगाई पुताई का काम करके अपने परिवार का गुजारा करता था। उसकी पत्नी सुमन व तीनों बच्चों का रो रोकर हाल बेहाल है। उसके घर की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि बीती रात्रि ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

# सरकारी अस्पताल के गेट पर हंगामा, शीशे तोड़े

## गलत काम के शक में भड़के लोग, आरोपियों के खिलाफ दी जाएगी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गलत काम किये जाने का शक जताते लोगों ने जमकर हंगामा किया। किसी ने मैसेज भी वायरल कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। केन्द्र प्रभारी ने हंगामा कर रहे लोगों पर शीशे तोड़ने का आरोप लगाते रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर देने की बात कही है।

घटना बीती रात की है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात दो कर्मचारी यहीं रूके थे। जबकि बाहर से गेट बंद कर दिया गया था। जिस कारण लोगों को शक हुआ कि अंदर कुछ गड़बड़ की जा रही है। उन्होंने केन्द्र के बाहर हंगामा शुरू कर दिया तथा गेट खोलने की मांग की। परन्तु अंदर मौजूद कर्मचारियों ने गेट खोलने से इंकार कर दिया। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। चौकी इंचार्ज सतवीर सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने केन्द्र के अंदर जाकर जांच पड़ताल की। परन्तु उन्हें यहां ऐसा कुछ भी संदिग्ध नजर नहीं आया। स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डा. सबीहा सुल्तान ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारी अस्पताल का कुछ सामान लेकर आये थे। देर हो जाने के कारण यही रूक गये। उन्होंने कहा कि हंगामा कर रहे लोगों ने शीशे तोड़े है जबकि मैसेज वायरल करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी जायेगी।



# पत्नी से विवाद पर किसान ने फांसी लगाई

## बिना पुलिस को सूचना दिए अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पत्नी से झगड़े के चलते मानसिक रूप से परेशान किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी। शव अपने ही खेत में रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई चुपचाप शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। वहीं, पुलिस ने किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने की जानकारी से इनकार किया है।

घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाला एक 40 वर्षीय किसान क्षेत्र में पेंट के सामान की दुकान चलाता था। परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी है। बताया जा रहा है कि किसान को शराब पीने की बुरी लत थी। दिन निकलते ही शराब पीने की उसकी आदत को लेकर पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था। दो दिन पूर्व भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। विवाद के चलते खुद को मानसिक रूप से परेशान दिखाने वाला किसान बुधवार को दिन निकलते ही घर से निकल गया। दोपहर तक घर वापस नहीं लौटने पर किसी अनहोनी को लेकर बेचौन परिजन जब ढूंढते हुए अपने ही खेत पर पहुंचे तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। किसान का शव पेड़ पर रस्सी के सहारे झूलता हुआ मिला। इसके बाद परिजन खामोशी से शव घर ले आए और आनन-फानन मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि किसान के आत्महत्या किए जाने की जानकारी नहीं है।

# छात्र-छात्राओं पर फावड़े से हमले का प्रयास

## पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** इंटर कॉलेज पढ़ने के लिए जा रहे छात्र छात्राओं को मारने की नियत से युवकों ने फावड़ा हाथ में लेकर उनका पीछा किया। छात्र छात्राओं ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी जान की सुरक्षा किये जाने की गुहार लगाई है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव के छात्र छात्राएं गांव मंगरौली के एक इंटर कॉलेज में पढ़ाई करने के लिए आते हैं। बताया जाता है कि बुधवार की सुबह छात्र छात्राएं कॉलेज पढ़ने के लिए जा रहे थे।पड़ोसी गांव रुद्रपुर के एक युवक ने अपने साथियों के साथ छात्र छात्राओं को मारने की नीयत से हाथ में फावड़ा लेकर उनका पीछा किया। दबंग युवक एवं उसके साथियों की इस हरकत से छात्र छात्राएं दहशत में है। उसके बाद छात्र छात्राएं वापस अपने घरों को लौट गये। उन्होंने अपने परिजनों को पूरे मामले से



अवगत कराया तो परिवार के लोग छात्र छात्राओं को लेकर कोतवाली पहुंच गये। पीड़ित छात्र छात्राओं ने बताया कि आरोपी युवक कई दिनों से उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। छात्र छात्राओं ने पुलिस को तहरीर देकर दबंग युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। योगी सरकार में दबंग युवक बैखौफ होकर जिस तरह से छात्र छात्राओं को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उस पर पुलिस को कड़ा एक्शन लेना होगा ताकि कोई भविष्य में ऐसी घटना घटित ना हो पाये।

# घर से भैंस ले जाने को महिला पर हमला

## चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर में घुसकर भैंस को जबरदस्ती ले जाने से रोका तो महिला से छेड़खानी की गई। विरोध करने पर मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरा. ेपी मौके से भगा निकले। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के एक गांव में किसान का परिवार रहता है। उन्होंने दस दिन पहले अपनी एक भैंस का सौदा सैदपुर इम्मा गांव के रहने वाले इरफान उर्फ तुरबत के साथ 85 हजार रुपये में तय किया था। इस दौरान बतौर बयाना 20 हजार रुपये दे दिए गए थे। 12 मई को किसान घर से बाहर गया हुआ था, तभी सैदपुर इम्मा के रहने वाले इरफान उर्फ तुरबत, गुड्डू और मखदुमपुर का रहने वाला सुहेल और अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आए। सभी आरोपी हूटर लगी कार में सवार होकर आए थे। छोटा हाथी साथ लेकर आए थे। इस दौरान सभी मिलकर किसान की भैंस को जबरदस्ती छोटा हाथी में लादने लगे। इस दौरान किसान की पत्नी ने विरोध किया तो उसके साथ छेड़खानी की और लाठी डंडों से मारपीट की। पीड़िता के शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में इरफान उर्फ तुरबत, गुड्डू, सुहेल और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# असलम बने सपा व्यापार सभा के विधानसभा अध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** असलम सिद्दीकी को सपा का विधानसभा अध्यक्ष जबकि उसमान अली को ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया है। लोक लेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली एवं पूर्व एमएलसी परवेज अली की संस्तुति पर असलम सिद्दीकी को सपा व्यापार सभा का विधानसभा अध्यक्ष जबकि उसमान अली को ब्लाक अध्यक्ष मनोनित किया गया है। आज श्री अली ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपकर उनसे अन्य लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया है। इस मौके पर मुमताज खां, निहाल सिद्दीकी, हकीम शौकत, गुलरेज, दानिश सिद्दीकी, हारून खान, कमाल खान, मोबीन अहमद, आफताब सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# दलित युवक से मारपीट में मुकदमा दर्ज

## क्रिकेट खेलने को लेकर हुआ था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दलित युवक के साथ मारपीट किये जाने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में जुटी है।

नगर के मोहल्ला मनापुर निवासी प्रशांत कुमार पुत्र राकेश कुमार के साथ सुखदेवी इंटर कॉलेज के मैदान में टहलते समय पांच युवकों ने मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया था। क्रिकेट खेलने को लेकर विवाद हुआ था जिसके चलते आरोपियों ने प्रशांत की पिटाई की थी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने घायल के साथ जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया था। दलित युवक की पिटाई होने के बाद सैकड़ो की संख्या में लोग रात को कोतवाली पहुंच गये थे। गुस्साई भीड़ को पुलिस ने समझा कर शांत कर दिया था। पुलिस ने मारपीट करने के मामले में मनोक चौहान पुत्र कमल सिंह ग्राम कुड़ी वीरान, विनय प्रधूम ग्राम सेमला, मनीश यादव ग्राम धीमर खेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# रेडीमेड शोरूम से लाखों का माल उड़ाया

## पुलिस ने किया मौका मुआयना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाजार में रेडीमेड की दुकान को अज्ञात चोरों द्वारा बीती रात निशाना बनाकर वहां रखी दस हजार रुपए की नगदी सहित लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने सूचना मिलने पर मौका मुवायना है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव काला खेड़ा निवासी ब्रह्मपाल पुत्र नत्थू सिंह ने नगर के पुराना डाकघर के निकट रेडीमेड कपड़ों की दुकान करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। मंगलवार की रात्रि प्रतिदिन की भांति ब्रह्मपाल दुकान बंद करके अपने घर को चला गया था। बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे जब ब्रह्मपाल ने दुकान खोली तो उसके होश उड़ गये। क्योंकि दुकान के पीछे का गेट टूटा हुआ था। पीड़ित दुकानदार द्वारा बताया गया कि अज्ञात चोरों द्वारा दुकान के पीछे का गेट तोड़कर वहां रखी रखी दस हजार रुपए की नगदी, इनवर्टर बैट्ररा, 12 कोट पेंट एवं 30-



40 जींस चोरी करके ले गये हैं। जिससे उसे लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। चोरी की सूचना पर डायल 112 एवं कोतवाली पुलिस द्वारा मौका मुआयना किया गया। पीड़ित ब्रह्मपाल द्वारा कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

# मंडल में नागपाल स्कूल की आरना को तीसरा स्थान

## हाईस्कूल में 99 प्रतिशत अंक हासिल करके अमरोहा जिले में पाया पहला स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सीबीएसई बोर्ड के जारी हुए परिणाम में हाईस्कूल में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में अव्वल रहने वाली नागपाल इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा आरना त्रिपाठी का मंडल के टॉप टेन सूची में तीसरा स्थान है। इस उपलब्धि से स्कूल प्रबंधन व परिजनों में हर्ष का माहौल है। मूल रूप से प्रयागराज के मीरापुर निवासी एवं जुबिलेंट



इन्ग्रेविया लिमिटेड के एसोसिएट डायरेक्टर की बेटी आरना त्रिपाठी नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा दस की छात्रा है। मंगलवार को जारी हुए सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट में इस छात्रा ने खुद को जिला टॉपर बनाया था लेकिन बुधवार को स्कूल प्रबंधन को यह जानकारी मिली कि आरना त्रिपाठी का नाम मुरादाबाद मंडल की टॉप टेन सूची में तीसरे स्थान पर है। इसके बाद स्कूल प्रबंधन में हर्ष का माहौल बन गया और इन्होंने दूरभाष पर आरना त्रिपाठी को बधाई दी। स्कूल की चेयरपर्सन अंशु नागपाल एवं मार्गदर्शक एवं पूर्व सांसाद देवेन्द्र नागपाल ने मीडिया को बताया कि बुधवार को आरना त्रिपाठी के मंडल में तीसरा स्थान प्राप्त करने की जानकारी मिली है। यह काफी गर्व की बात है। बता दें कि नागपाल स्कूल के इंटरमीडिएट कक्षा के छात्र धनंजय पांडेय ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला टॉप टेन में सातवां स्थान प्राप्त किया था।

# लाभार्थियों ने सीएम का आभार जताया

**अमरोहा।** युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। गांव रहरा निवासी मनीषा ने युवा उधमिता विकास अभियान के अन्तर्गत पांच लाख रूपये का लोन लेकर ब्यूटी पार्लर का संचालन किया। इसके साथ उन्होने दो लोगों को भी रोजगार दिया। गांव अल्लीपुर खादर निवासी राजकुमारी ने आटा चक्की लगाने के लिए इसी योजना के अन्तर्गत पांच लाख रूप्ये प्राप्त किये। गांव शेखपुर



निवासी विजेन्द्र सिंह ने पैथोलॉजी लैब के लिए ऋण प्राप्त किया। सभी लाभार्थियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

# एम्बूलेंस पर पथराव कर चालक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाइक सवार युवकों ने एंबुलेंस को रोक कर उस पर पथराव करते हुए चालक की पिटाई कर दी। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका निवासी आकाश पुत्र डालचंद एंबुलेंस पर चालक है। बुधवार को वह दोपहर 2:00 बजे एंबुलेंस लेकर नगर से गांव भैंसरोली जा रहा था। चालक का आरोप है कि रास्ते में दो बाईकों पर सवार आधा दर्जन युवकों ने एंबुलेंस को रोकने का प्रयास किया। उसके बाद उन्होंने एंबुलेंस पर पथराव करना शुरू कर दिया। उसके साथ भी मारपीट की गई। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## आईपीएलः नए शेडयूल ने रोमांचक बनाई लीग

# आखिरी दो दिन तय करेंगे प्लेऑफ की पोजिशन




**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने 12 मई को आईपीएल का नया शेड्यूल रिलीज किया। लीग स्टेज के 13 ही मैच बचे हैं। 3 टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं, जबकि 7 टीमों में टॉप-4 की जंग हैं। नए शेडयूल ने टूर्नामेंट को और भी रोमांचक बना दिया। आखिरी 2 दिनों में लखनऊ, मुंबई, पंजाब और बेंगलुरु के मैच हैं। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और आखिरी मुकाबलों के नतीजों से टॉप-2 स्पाट भी तय होंगे। गुजरात 11 मैचों में 8 जीत से 16 पाइंट्स लेकर पहले नंबर पर है। टीम के 3 मैच दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई से बचे हैं। टाइटंस इनमें से एक भी मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। हालांकि, टीम को टॉप-2 में फिनिश करना है तो कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। तीनों मैच जीतकर जीटी टॉप-2 में अपनी पोजिशन कन्फर्म कर लेगी। बेंगलुरु के भी 11 में से 8 जीत से 16 पाइंट्स हैं, लेकिन गुजरात से खराब रन रेट के कारण टीम दूसरे नंबर पर है। आरस. ीबी को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 3 में से 1 ही जीत चाहिए। टीम को कोलकाता, हैदराबाद और लखनऊ से भिड़ना है। टॉप-2 में फिनिश करना है तो आरसीबी को भी बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। पंजाब के 11 मैचों में 7 जीत और एक बेनतीजा मैच से 15 पाइंट्स हैं। टीम को राजस्थान, दिल्ली और मुंबई से भिड़ना है। पीबीकेएस को प्लेऑफ में जगह कन्फर्म करने के लिए 3 में से 2 मैच जीतने होंगे। 17 पाइंट्स के साथ अगर टीम को क्वालिफाई करना है तो दिल्ली को हराना ही होगा। पंजाब ने अगर कैपिटल्स को हरा दिया तो दिल्ली या मुंबई में से कोई एक टीम ही प्लेऑफ में पहुंच पाएगी, क्योंकि दोनों को आपस में भी भिड़ना है। पंजाब को टॉप-2 में फिनिश करने के लिए तीनों मैच जीतने होंगे, साथ ही गुजरात या बेंगलुरु के 1 मैच में हारने की दुआ करनी होगी। मुंबई इंडियंस ने शुरुआती 5 में से 1 ही मैच जीता था, लेकिन टीम ने आखिरी 7 में से 6 मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बना ली। डप 12 में से 7 मैच जीतकर 14 पाइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। 5 बार की चैंपियन टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है, तो दिल्ली और पंजाब के खिलाफ बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। एमआई एक भी मैच हार गई तो प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को दूसरी टीमों के भरोसे छोड़ देगी। दिल्ली ने टूर्नामेंट की शुरुआत लगातार 5 मैच जीतकर की, लेकिन टीम ने पिछले 6 में से 4 मुकाबले गंवा दिए। कैपिटल्स 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पाइंट्स लेकर पांचवें नंबर पर है। डीसी के 3 मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब से हैं, तीनों टॉप-4 में है। यहां से अगर कैपिटल्स को क्वालिफाई करना है तो तीनों मैच जीतने ही होंगे। टीम ने अगर मुंबई और पंजाब को हरा दिया तो 2 जीत से भी प्लेऑफ में जगह मिल जाएगी। डिफेंडिंग चैंपियन कोलक. ाता को 12 मैचों में महज 5 जीत मिली, टीम का 1 मैच बेनतीजा भी रहा, इनसे 11 पाइंट्स लेकर कोल. काता छठे नंबर पर है। ज्ञ्ज्ञत के 2 मैच बेंगलुरु और हैदराबाद से हैं। टीम एक भी मैच हारी तो प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। 2 मैच जीतने के बाद भी ज्ञ्ज्ञत को प्लेऑफ में पहु. चना है तो पंजाब, मुंबई और दिल्ली

# आईपीएल में वापसी के लिए तैयार रोहित शर्मा

● **मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर बहाया पसीना, लीग स्टेज पर मुंबई के बचे दो मैच**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर चुके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 के बचे हुए सत्र में वापसी के लिए तैयार हैं। बुधवार को उन्हें मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाते देखा गया, जिसका वीडियो टीम ने आधिकारिक हैंडल से जारी किया है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद आईपीएल के बचे हुए 17 मैचों का कार्यक्रम का जारी हो चुका है। 17 मई से टूर्नामेंट की दोबारा शुरुआत होगी जबकि तीन जून को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

लीग स्टेज पर मुंबई अब तक 12 मैच खेल चुकी है। 13वां मुकाबला 21 मई को खेला जाएगा, जिसमें पांच बार की विजेता टीम का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच मुंबई में ही खेला जाएगा। फिलहाल मुंबई इंडियंस अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और लीग स्टेज पर उनके दो मैच बाकी हैं। इनमें जीत के साथ टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करना चाहेगी। आगामी मैच के लिए मुंबई इंडियंस ने अभ्यास शुरू कर दिया है। बुधवार को हार्दिक पांडआ की अगुआई वाली टीम वानखेड़े पहुंची। यहां रोहित शर्मा को कर्ण शर्मा, रॉबिन मिंज, अश्विनी कुमार और तिलक वर्मा के साथ नेट्स पर समय बिताते देखा गया। पूर्व कप्तान रो. हित शर्मा इस वक्त शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने अब तक खेले 11 मैचों में तीन अर्धशतकों की मदद से 300 रन बनाए हैं।

## डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय लीग टी-20 के चौथे सत्र की शुरूआत यूएई राष्ट्रीय दिवस से होगी

**दुबई, वार्ता।** डीपी विश्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टी-20 लीग के चौथे संस्करण की शुरुआत यूएई के राष्ट्रीय दिवस दो दिसंबर से होगी। इस टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच 34 मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चार जनवरी 2026 को होगा। इस अवसर पर आईएल टी-20 के अध्यक्ष अमीरात क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरोनी ने कहा कि हमें यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 चौथ सत्र यूएई नेशनल डे 'ईद-अल-एतिहाद' पर शुरू होगा, जो यूएई कैलेंडर पर सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है। उन्होंने कहा कि यूएई राष्ट्रीय दिवस वह दिन है जिस दिन हम संयुक्त अरब अमीरात का जश्न मनाते हैं जो दुनिया भर के लोगों का घर है, जिसमें लाखों क्रिकेट प्रशंसक शामिल हैं।

# भारत ने नेपाल को 4-0 से हराया




सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप

■ **मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए**

**यूपिया (अरुणाचल प्रदेश), वार्ता।** भारतीय फुटबॉल टीम नेपाल पर 4-0 से बड़ी जीत दर्ज कर सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर रही। गोल्डन जुबली स्टेडियम में मंगलवार की रात खेले गए मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम टीम ने प्रत्येक हाफ में दो गोल किए। भारत के लिए रोहेन लसह चपहामायुम ने (28वें, 76वें) मिनट में गोल किए, जबकि स्थानीय खिलाड़ी ओमंग डोडम ने (29वें) और डैनी मेइतेई ने (84वें) मिनट में एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ग्रुप बी में दो मैचों में छह अंक लेकर शीर्ष पर है। वहीं नेपाल दो मैचों में तीन अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम शुक्रवार को ग्रुप ए के उपविजेता मालदीव से भिड़ेगी, जबकि ग्रुप ए विजेता बांग्लादेश उसी दिन नेपाल से सेमीफाइनल खेलेगी।

# आईपीएल के शेष हिस्से में खेलेंगे बोल्ट

● **पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों का इंतजार**




**मुम्बई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष हिस्से में अपनी टीम मुम्बई इंडियंस के लिए खेलने का निर्णय किया है। 36 वर्षीय बोल्ट को मुम्बई इंडियंस ने मेगा नीलामी में 12-5 करोड़ रुपये में खरीदा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने आईपीएल के इस सत्र में 8-49 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिये हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 रन देकर चार विकेट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह पूरे टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। पांच बार की चैंपियन मुम्बई को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता का इंतजार है। दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकल्टन और कोर्बिन बॉश, और इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की भागीदारी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड के अनुसार उनके खिलाड़ियों की एनआ. ेसी 25 मई तक वैध है। इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आईपीएल में भाग लेने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को 29 मई से शुरू हो रही वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज़ के लिए समय पर लौटने का निर्देश दिया है।

# पुरुष जिम्नास्ट को लक्ष्य हासिल करने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरतः आशीष

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रमंडल खेल 2010 में रजत और कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाले जिम्नास्ट आशीष कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पुरुष जिम्नास्ट को अपनी इच्छाशक्ति को जगाना होगा।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की प्रतिभा पहचान एवं विकास समिति (टीआईडीसी) के सदस्य आशीष कुमार ने कहा कि इस आयोजन ने एथलीटों को बेहत. रीन अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि जोश भीतर से आना चाहिए। आप खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और उपकरण दे सकते हैं, लेकिन अगर उनमें 'अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतने' की अंदर कुछ बड़ा करने का जोश नहीं है तो कुछ भी हासिल नहीं हो सकता। कई लोग राष्ट्रीय स्तर पर ही पदक जीतने के बाद ही संतुष्ट हो जाते हैं। इस मान. सिकता को बदलना होगा। खेलो इंडिया योजना ने शुरुआती किशोरावस्था में जिम्नास्टिकों के लिए नए द्वार खोले हैं और अब खिलाड़ियों, कोचों और फेडरेशन पर इस सफलता का लाभ उठाने और इसे आगे ले जाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हां, हम एथलीटों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन असली काम अब शुरू होता है उचित विकास सुनिश्चित करना होगा, खासकर लड़कों के बीच।ह टीआईडीसी उन प्रतिभाशाली एथलीटों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिन्हें खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) के रूप में शामिल किया जा सकता है और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई) में प्रशिक्षित किया जा सकता है। उनका मानना है कि सब-जूनियर वर्ग, 14 वर्ष के कम उम्र के जिम्नास्ट के लिए प्रशिक्षण के स्तर में व्यापक बदलाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उस उम्र (14 वर्ष की) में शरीर जल्दी ठीक हो जाता है। इसलिए, शुरुआती वर्षों से ही हमें उचित शक्ति और कंडीशनिंग शेड्यूल के साथ उनकी सहन शक्ति बढ़ाने पर जोर देना होगा। अगर हम शुरुआत में ही इन चीजों को हल्के में लेंगे, तो 25 साल की उम्र तक उनका शरीर कार्यक्षमता को संभालने में सक्षम नहीं होगा। विदेशी कोच व्लादिमीर चेर्टकोव के तहत प्रशिक्षण के अपने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जब हम 2010 में राष्ट्रमंडल शि. विर में थे, तो कोच व्लादिमीर ने हमें अपनी क्षमता से आगे बढ़ने के लिए कहा। उन्होंने हमें सिखाया कि बार-बार तनाव को झेलने में सक्षम शरीर का होना कितना महत्वपूर्ण है। जैसे किसी परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए आप 20-30 बार याद करते हैं। जिमनास्टिक में भी यही होता है आप तब तक अपनी शारी. रिक गतिविधियों को दोहराते हैं जब तक कि आपका शरीर उस लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम न हो जाये। उन्होंने कहा कि पुरुष जिम्नास्टिक में सुधार की जरूरत है। हमने हाल ही में महिलाओं के बीच सफलता देखी है, लेकिन पुरुषों को अभी लंबा रास्ता तय करना है। यहीं पर खेलो इंडिया सबसे बड़ा प्रभाव डाल सकता है क्षमतावान लड़कों की पहचान करके और उन्हें लंबे समय के लिए तैयार कर सकते हैं।

# श्नाइडर को हराकर पाओलिनी इटेलियन ओपन के सेमीफाइनल में

■ **पाओलिनी ने मैच में 6-7(1-7), 6-4 व 6-2 से जीत दर्ज की**

**रोम, वार्ता।** इटली की टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी ने रूस की डायना श्नाइडर को हराकर इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

छठी वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने मंगलवार को खेले गए वर्षा बाधित मुकाबले में रूस की श्नाइडर पर 6-7 (1-7) 6-4 6-2 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ वह 2014 के बाद अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली इटली की महिला टेनिस खिलाड़ी बन गईं। सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पाओलिनी ने कहा कि यह वास्तव में कठिन मैच था। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने मुकाबला जीता, लेकिन यह एक रोलर कोस्टर था। हर कदम पर मैंने एक नई तरकीब खोजी। मैंने अंत तक संघर्ष किया। निश्चित रूप से दर्शकों ने मेरी मदद की। इसलिए मैं जीत से वास्तव में बहुत खुश हूं।

# स्टार्क की पत्नी ने बताई धर्मशाला में ब्लैक आउट की कहानी



**मैसेज मिलाः यहां से तुरंत निकलो, फाफ ने शूज तक नहीं पहने मिसाइल हमले की अफवाह थी**

**मेलबर्न, वार्ता।** डीसी के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली ने धर्मशाला में ब्लैकआउट की रात की कहानी बताई है। उन्होंने एक पाडकास्ट में बताया कि मिसाइल हमले की अफवाह के बीच कैसे धर्मशाला स्टेडियम को खाली कराया गया और कैसे प्लेयर्स और उनके परिवार वालों को सुरक्षित होटल तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान हीली ने विलो टाक पाडकास्ट कहा कि वहां डर का माहौल था और स्थिति काफी खराब हो गई थी। जब अचानक एक व्यक्ति आया और कहा यहां से तुरंत निकलो। उसका चेहरा सफेद हो गया था।

वहां मिसाइल हमले की अफवाह फैल गई थी। 8 मई को पाकिस्तान के ड्रोन अटैक के बीच धर्मशाला में पंजाब-दिल्ली मैच बीच में रोक दिया गया था। फिर 20 मिनट के अंदर स्टेडियम खाली करा दिया गया था। फिर खिलाड़ियों के साथ-साथ सहयोगी स्टॉफ को एक बस के जरिए होटलों में वापस ले जाया गया। बीसीसीआई ने अगले दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से सभी को दिल्ली पहुंचाया। क्योंकि, सभी उड़ाने रद्द कर दी गई थी। एलिसा हीली की 3 बातें- जब खेल रोका गया था, एलिसा उस समय अन्य खिलाड़ियों के परिवार के सदस्यों के साथ स्टैंड में मौजूद थीं। यह मानते हुए कि यह एक मामूली समस्या है एलिसा और उनके साथ मौजूद अन्य लोग पहले तो शांत रहे, लेकिन फिर चीजें हाथ से निकल गईं। बिजली के कुछ टावर की बत्ती गुल हो गई और हम बस वहीं इंतजार कर रहे थे। मैंने कुछ सीट दूर अफवाह सुनी कि हमें स्टेडियम खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बिजली गुल हो गई है।

हमारे साथ परिवार और अतिरिक्त सहयोगी स्टॉफ का एक बड़ा समूह था। अगले ही मिनट एक आदमी (जो हमारे ग्रुप के साथ था और हमारा ध्यान रखता था।) आता है और कहता है कि हमें तुरंत निकलना होगा। उसका चेहरा सफेद पड़ गया था।' अचानक हमें वैन में ठूंस दिया गया और हम होटल वापस चले गए। वहां स्थिति काफी अच्छी नहीं थी। हम पंजाब के कुछ खिलाड़ियों के साथ बस में बैठे थे। मुझे लगता है कि श्रेयस मेरी बस में था।

# रेलवे के सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में जीता आयरमैन चैलेंज

■ **दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक को पूरा किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** पश्चिम रेलवे (प रे) के वरिष्ठ अधिकारी सचिन शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया में आयरनमैन चैलेंज जीत लिया है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक की ओर से बुधवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव सचिन अशोक शर्मा (आईआरटीएस 2008) ने पोर्ट मैक्वेरी, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित दुनिया की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक आयरनमैन ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा किया। आयरनमैन शारीरिक और मानसिक धीरज की अंतिम परीक्षा है, जिसमें 3-8 किमी पानी में तैराकी, 180 किमी साइकिल चलाना और 42.2 किमी की पूर्ण मैराथन दौड़ शामिल है, जिसे 17 घंटे के भीतर पूरा किया जाना था। श्री शर्मा ने आयरनमैन ट्रायथलॉन को 12 घंटे, 26 मिनट और 52 सेकेंड में सफलतापूर्वक पूरा किया और इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले वे पहले भारतीय रेलवे अधिकारी बन गए।

भारी बारिश और सुरक्षा चिंताओं के कारण नाटकीय घटनाक्रम में आयोजकों को ट्रायथलॉन के तैराकी चरण को रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। नतीजतन, दौड़ सुबह 0945 बजे 180 किलोमीटर के बाइक सेगमेंट के साथ शुरू हुई, जिसमें एथलीटों को प्रशांत महासागर के किनारे जंगल से गुज़रते हुए एक आश्चर्यजनक लेकिन चुनौतीपूर्ण मार्ग से गुजरना पड़ा। 1,800 मीटर की ऊंचाई के साथ, इस कोर्स को आयरनमैन सर्किट पर सबसे सुंदर और चुनौतीपूर्ण माना जाता है। कोर्स के सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सों में से एक मैथ्यू फ्लिंडर्स ड्राइव था- जिसमें 17 प्रतिशत की ढलान थी।

# विराट कोहली के साथ खेलने का सपना अधूरा रह गयाः वार्नर




## विराट के जल्दी संन्यास ने निराश किया, उनमें बहुत क्रिकेट बचाः जावेद अख्तर

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वार्नर ने कहा, विराट को. हली के साथ एक टीम में खेलने का सपना अधूरा रह गया। मैं आईपीएल में भी विराट के साथ नहीं खेल सका। वहीं गीतकार जावेद अख्तर ने कहा, विराट के जल्दी संन्यास लेने से निराश हूं, उनमें बहुत क्रिकेट बचा था। टीम इंडिया के विराट को. हली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। 36 साल की उम्र में रेड बाल क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद कई दिग्गजों ने कहा कि उन्होंने जल्दबाजी में यह फैसला लिया। विराट टेस्ट में 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर सके, उन्होंने 30 सेंचुरी लगाकर 9230 रन बनाए। डेविड वार्नर ने रेव्जस्पोर्ट्ज को दिए इंटरव्यू में कहा, विराट के खिलाफ मैंने 1 दशक तक क्रिकेट खेला, शुरुआती मैचों में ही मुझे पता चल गया कि वे कितने चौलेंजिंग है। तेंदुलकर, द्रविड़, लक्ष्मण जैसे प्लेयर्स के संन्यास के बाद बाद विराट ने टीम की जिम्मेदारी संभाली। मैंने हमेशा उनके खिलाफ खेलना एंजाय किया। प्च्स् में जब भी उनके सामने खेला तो उनकी एनर्जी ने मुझे प्रभावित किया। मेरा सपना था कि किसी मौके पर विराट के साथ एक ही टीम में खेलूं। मुझे यह बात हमेशा सताएगी। डेविड वार्नर और विराट कोहली 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में आखिरी बार एक-दूसरे के खिलाफ भिड़े थे। वार्नर ने आगे कहा, श्टेस्ट और वनडे में विराट के रिकॉर्ड बेहतरीन रहे। रन चेज करते हुए तो उनका आसपास भी कोई नहीं। इंडिया के लिए खेलते हुए कभी भी उनकी एनर्जी कम नहीं हुई। विराट की कप्तानी ने उन्हें बाकियों से अलग बनाया, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में बताया कि वे क्यों खास हैं। कई प्लेयर्स ने कहा कि विराट को थोड़ा और खेलना चाहिए था, लेकिन मुझे लगता है कि विराट को पता है कि कब उन्हें खेलना बंद करना है। वे अपने गेम के बखूबी जानते हैं, इसलिए मैं उनके फैसले का सपोर्ट करता हूं। वे हमेशा बेहतरीन लीडर के रूप में पहचाने जाएंगे। हिंदी फिल्मों के गीतकार और कहानी लेखक जावेद अख्तर भी विराट के संन्यास से निराश नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि विराट निश्चित रूप से ज्यादा जानते हैं, लेकिन एक फैन के रूप में मुझे उनके टेस्ट से जल्दी संन्यास ने निराश किया। मुझे लगता है कि उनमें अब भी बहुत क्रिकेट बचा है। मैं उनसे विनती करता हूं कि वे अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। वरुण ग्रोवर ने लिखा, कोहली टेस्ट के सबसे बड़े किरदार स्टैंड-अप कामेडियन और मसान जैसी फिल्में लिखने वाले वरुण ग्रोवर ने सोशल मीडिया पर कहा, श्टेस्ट क्रिकेट बाकी खेलों से अलग है क्योंकि ये नैरेटिव का खेल है। इतने सारे वैरिएबल- 4 पारियां, 5 दिन, 22 स्पेशलिस्ट, रोज बदलता मौसम, कई बार एक दिन में 3 बार बदलता मौसम, हवा की नमी, पिच की तबीयत, सिक्के से लिखी किस्मत, और हर पल बदलती मानसिक संभावनाएं। वैसे तो हर खेल अपने आप में जीवन के किसी पहलू का पर्याय होता है लेकिन टेस्ट क्रिकेट किसी लिटरेसी उपन्यास सा है- कई सारी विधा एक ही स्याही में समेटे हुए। इसलिए टेस्ट क्रिकेट में वही सफल हुए, जिनके पास कहने को कोई कहानी थी। लंबी कहानी जो गीली, सूखी, देशी, विदेशी हर पिच पर लिख के भी खत्म न हो। विराट कोहली इस उपन्यास के पिछले दशक के सबसे बड़े किरदार हैं। उन्होंने न सिर्फ इस उपन्यास के सारे रसों को जिया, बल्कि इसे और समृद्ध भी बनाया।

## आखिर जवान की वापसी

22 अप्रैल का पहलगाम हत्याकांड, उसके बाद पाकिस्तान के भारत के तीन राज्यों पर ड्रोन और चाइना मेड मिसाइलों से हमले तथा इन हमलों का भारत की ओर से दिए गए जवाब व इसके बाद सीजफायर के बीच भारत के लिए एक और राहत भरी खबर आई है। पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान पूर्णम कुमार को रिहा कर दिया है। इस बात की पुष्टि बीएसएफ ने भी की है। हालांकि पाकिस्तान का एक रेंजर अभी भारत के कब्जे में है। उल्लेखनीय है कि जब 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया था, वह भी उनसे उनका धर्म पूछकर। इसके अगले ही दिन यानि 23 अप्रैल को बीएसएफ का जवान पूर्णम कुमार गलती से पाकिस्तान बॉर्डर की तरफ चला गया था, तब से वह पाकिस्तानी सेना के कब्जे में था, जिसे आज अटारी-बाघा बार्डर पर भारतीय बीएसएफ को सौंपा गया। इस तरह की अदला-बदली सेना के माध्यम से अपने-अपने देश को मोहब्बत का पैगाम देती है। क्योंकि यदि पाकिस्तान चाहता तो कुलभूषण की तरह ही उसे भी नहीं छोड़ता, लेकिन जिस प्रकार से अघोषित युद्ध के बीच बीएसएफ के जवान को भारत को सौंपा है, उससे साफ है कि पाकिस्तान की सेना कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहती, जिससे उनके देश में अमन चैन को बाधा पहुंचे। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या पूर्णम कुमार को फौरन ड्यूटी पर वापस ले लिया जाएगा। इस का उत्त्तर है नहीं, क्योंकि सेना के कुछ नियम होते हैं, जिन्हें फालो करना होता है। जैसा कि विंग कमांडर अभिनंदन के मामले में हुआ था। दरअसल, बालाकोट एयरस्ट्राइक के दौरान पाकिस्तान के एफ-16 फाइटर जेट को मारकर जब मिग-21 भारत लौट रहा था, तब उस समय विंग कमांडर जिस मिग-21 को उड़ा रहे थे, वह रास्ते में क्रैश हो गया और यह भारतीय फाइटर जेट पाकिस्तानी सरहद से करीब 10-12 किलोमीटर अंदर जा गिरा था। तब पाकिस्तानी रेंजर्स ने विंग कमांडर अभिनंदन को बंदी बना लिया था। हालांकि, बाद में विंग कमांडर अभिनंदन को पाकिस्तान ने पूरे सम्मान के साथ भारत को सौंप दिया था, लेकिन उन्हें अपने वतन वापस आने के बाद फौरन बाद फिर से ड्यूटी की जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी। इससे पहले उन्हें कुछ प्रोटोकॉल्स से गुजरने होते हैं। कुछ समय के लिए उस जवान को ग्राउंडेड कर दिया जाता है। प्रोटोकॉल के मुताबिक, सामान्य तौर पर जब एक पायलट विमान से बाहर की तरफ कूदता है तो सुरक्षा प्रोटोकॉल के मद्देनजर कुछ समय के लिए उनको ग्राउंडेड कर दिया जाता है। इस तरीके की घटना के बाद पाकिस्तान से लौटे किसी भी जवान की नौकरी भी नहीं छिनी जानी जाती है। हालांकि, कुछ दिनों के लिए उनको किसी भी ऑपरेशन में बाकी जवानों के साथ नहीं रखा जाता है। ऐसा उनकी सुरक्षा और मेंटल हेल्थ के लिहाज से किया जाता है। खैर अब पाकिस्तान समझ गया है कि भारत से उलझना एक टेढ़ी खीर है। इसलिए उसकी सेना ने ऐसा कदम उठाया है, जिसकी भारत में तारीफ हो रही है। भारत और पास्तिान के बीच तनाव का मामला नया नहीं है।

## धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी



आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान को एक दिन आतंकवाद का यही विषैला सर्प निगल लेगा, पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है, जब चुनौती हो और राष्ट्रीय संकट के लिए कोई जगह दे रहा हो, तो धैर्य और एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है, इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाक पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70 -75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं, पाक ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है, आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल लेगा, खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उप्र**

# टीआरपी की खातिर 'जमूरा' कुछ भी करेगा






निर्मल रानी

**देश का मजबूत होना जरूरी है, परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखे इसमे सिवाय चीखने चिल्लाने, बदतमीजी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदजुबानी से पेश आने, हिन्दू-मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, खालिस्तान, झूठ, अफवाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नजर नहीं आता**

अभी गत 28 मार्च 2025 की ही बात है जबकि ज़ी न्यूज़ टीवी चैनल के स्वामी सुभाष चंद्रा को ज़ी न्यूज़ की ओर से अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत को लेकर रिया चक्रवर्ती को टारगेट करने से सम्बंधित ख़बरों को उनके चैनल ज़ी न्यूज़ द्वारा ग़लत तरीक़े से पेश करने के लिए मुआफी मांगनी पड़ी थी। सुभाष चंद्रा ने कहा था कि सुशांत राजपूत आत्महत्या मामले में सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट दायर कर दी है। मुझे लगता है ऐसा विश्वसनीय सबूतों के अभाव में हुआ है। अब अस्पष्टता की कोई जगह नहीं है। इसका मतलब ये है कि कोई मामला नहीं बनता है। पीछे मुड़कर सोचता हूं तो मुझे लगता है कि रिया को मीडिया ने अभियुक्त बनाया और इसकी अगुवाई ज़ी न्यूज़ ने अपने तत्कालीन संवाददाताओं और संपादकों के ज़रिए की। दूसरों ने इसमें ज़ी न्यूज़ को फ़ॉलो किया। ज़ी न्यूज़ के मेंटर के रूप में मैं उनसे कहूंगा कि बहादुरी दिखाएं और मुआफ़ी मांगें। मैं रिया से मुआफ़ी मांगता हूं, भले ही इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं थी। गोया सुभाष चंद्रा ने यह स्वीकार किया था कि ज़ी न्यूज़ ने रिया चक्रवर्ती को ग़लत तरीक़े से आरोपी के रूप में पेश किया और अन्य मीडिया ने इसका अनुसरण किया।

सवाल यह है कि क्या ज़ी न्यूज़ के किसी संपादक या पत्रकार ने अपने मालिक की बात मानी और मुआफ़ी मांगी और तो और क्या इस के बाद ज़ी न्यूज़ या उसके साथ झूठ परोसने का कारोबार करने वाले अन्य चैनल्स ने सुशांत राजपूत मामले से कोई सबक़ सीखा? शायद बिल्कुल नहीं। बल्कि सच्चाई तो यह है कि मीडिया की बेहयाई व बेशर्मी में और अधिक इजाफा होता जा रहा है। गत दस वर्षों से गोदी मीडिया सत्ता की कठपुतली बन चुका है और सत्ता से सवाल पूछने के बजाए विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करता रहता है। देश में अमन शांति की बातें करने के बजाए विभाजनकारी एजेंडा चलाता है। कोरोना काल जैसे संकटकाल से लेकर वर्तमान भारत पाक युद्ध जैसे अति गंभीर व संवेदनशील समय में भी सत्ता के इन्हीं 'जमूरों' ने जिस तरह सांप्रदायिक एजेंडा चलाया उससे अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है।

यही मीडिया भारत के विश्वगुरु बनने का ढोल पीटता है तो कभी विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता है। परन्तु शायद यह भूल जाता है इन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए समाज के हर वर्ग का एकजुट होना ज़रूरी है। देश का मज़बूत होना ज़रूरी है। परन्तु आप जब भी गोदी मीडिया के टीवी चैनल खोलकर देखें इसमें सिवाय चीख़ने चिल्लाने, बदतमीज़ी की भाषा बोलने, अपने पैनल के अतिथियों के साथ बदज़ुबानी से पेश आने, हिन्दू मुस्लिम जिहाद क्षेत्रवाद, भाषा विवाद, ख़ालिस्तान, झूठ, अफ़वाह, भ्रम फैलाने के सिवा कुछ नज़र नहीं आता। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले व उसके बाद भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद अनेक भारतीय न्यूज़ चैनल्स विशेषकर ज़ी न्यूज़, आज तक, और रिपब्लिक भारत आदि ने राष्ट्रवाद के नाम पर जमकर सनसनीखे़ज़ सुर्ख़ियां बनाईं व भ्रामक ब्रेकिंग न्यूज़ चलाई गईं। मिसाल के तौर पर एक शीर्षक था आज पाकिस्तान की आखिरी रात! तो दूसरा 'भारत का फ़ाइनल अटैक! आधा पाकिस्तान तबाह' आदि भ्रामक शीर्षक ने तनाव को बढ़ाने में कुछ अधिक योगदान दिया। निश्चित रूप से इससे जनता में भय और आक्रोश की भावना बढ़ी। साथ ही ऐसी ख़बरों के साथ जब गला फाड़ने और स्टूडियो में उछल कूद करने जैसी बेहूदा प्रवृति भी शामिल हो जाए तो न्यूज़ ऐंकर तो पूरी तरह 'जमूरे' के किरदार में ही नज़र आता है।

यही नहीं बल्कि इसी 'जमूरा गिरोह' द्वारा ग़लत सूचना और फ़र्ज़ ख़बरों का भी जमकर प्रसार किया गया। कुछ मीडिया चैनल्स ने असत्यापित जानकारी, संपादित वीडियो, यूक्रेन-रूस युद्ध और यहां तक कि वीडियो गेम फुटेज तक को युद्ध से सम्बंधित वास्तविक घटनाओं के रूप में प्रस्तुत किया। उदाहरण के लिए, जम्मू एयरफ़ोर्स बेस पर धमाके या जालंधर में ड्रोन हमले की ख़बरें फ़र्ज़ी पाई गईं। इससे न केवल भारत में ग़लत सूचना फैली, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी शर्मिंदगी हुई। भारतीय मीडिया की भ्रामक व अफ़वाहपूर्ण कवरेज ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की गोया बाढ़ सी ला दी। अनेक वायरल वीडियो, सैन्य गतिविधियां या ड्रोन हमलों के दावे, अधिकांश संपादित या फ़र्ज़ी थे। ख़बरों के अनुसार कई भारतीय चैनल्स ने पाकिस्तान में भी कई ऐसे मोहरे तलाश लिए थे जिन्हें वे पैसे देकर अपने चैनल्स पर बुलाते थे और उन्हें गलियां देकर, अपमानित कर जानबूझ कर माहौल में गर्मी पैदा करते थे। यानी ख़ुद नूरा कुश्ती कर जनता को तनाव में डालते थे। आख़िरकार मीडिया की इस ग़ैर ज़िम्मेदाराना हरकत की वजह से ही सरकार के सूचना व रक्षा मंत्रालय और सैन्य व विदेश विभाग के अधिकारियों को ऐसे भ्रामक प्रसारण को लेकर सावधानी बरतने की अपील करनी पड़ी। परन्तु जिस बेशर्म मीडिया को अदालतों की झिड़की की परवाह नहीं, जिस बेहया गोदी मीडिया को अपने मान सम्मान व प्रतिष्ठा की फ़िक्र नहीं वह भला भारत सरकार के निर्देशों की क्या परवाह करने वाला? जिसे इस बात की फ़िक्र नहीं कि उसे तिहाड़ी, गोदी, दलाल, चरण चुम्बक, भक्त मीडिया जैसे 'अलंकरण' से 'नवाज़ा' जाने लगा है वह कहाँ सुधरने वाला। पूरी दुनिया के सोशल मीडिया और टी वी चैनल्स में इस बात का मज़ाक़ उड़ाया जा रहा है कि इसी दलाल मीडिया ने कराची बंदरगाह पर हमला करा दिया था, आख़िर किस आधार पर इसी मीडिया ने लाहौर पर क़ब्ज़ा करा दिया, इस्लामाबाद पर भारतीय सेना का क़ब्ज़ा करा दिया और तो और पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निवास तक उड़ा दिया। बेशक पाकिस्तानी मीडिया द्वारा भी इसी तरह की कई बेसिर पैर की बातें की गईं। जैसे 'पटना व बेंगलुरु के बंदरगाहों पर पाकिस्तान का हमला' जबकि इन दोनों जगह न तो समुद्र है न ही बंदरगाह। परन्तु हमें पाकिस्तान के मीडिया से तुलना करने की ज़रुरत ही क्या ? हम तो 'विश्वगुरु भारत' के मीडिया की विश्वसनीयता की बात ही कर सकते हैं। गत दस वर्षों से इसी मीडिया पर हिंसा और नफ़रत फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। आज देश में सामाजिक विभाजन की जो रेखाएं गहरी हुई हैं उसमें इसी मीडिया की अहम भूमिका है। उस दौरान मीडिया के बेलगाम होने पर सरकार की ख़ामा.शी पर भी बार बार सवाल उठे। परन्तु सत्ता ने स्वयं को लाभान्वित होते देख उस समय इनपर कोई लगाम नहीं कसी न ही नियंत्रित रहने के निर्देश जारी किए। जबकि देश की अदालतों ने एक नहीं अनेक बार मीडिया को उसकी इन्हीं ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारणों के चलते आइना भी दिखाया, निर्देश भी दिए परन्तु इनकी बेशर्मी जस की तस क़ायम रही। और इसी विभाजनकारी एजेंडे के बल पर अपनी टीआरपी बढ़ती देख मीडिया उसी ढर्रे पर चलता रहा। और इसी बेलगामी का परिणाम यह रहा कि भारतीय मीडिया भारत-पाक तनाव के दौरान भ्रामक समाचार, सनसनीखे़ज़ कवरेज, ग़लत सूचना आदि प्रसारित करता रहा। और मीडिया के इसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना रवैय्ये ने इसकी विश्वसनीयता पर विश्व स्तर पर सवाल उठाए। कुछ आउटलेट्स ने संतुलन बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन समग्र रूप से मीडिया की भूमिका विवादास्पद रही। इतनी बदनामी व अपमान सहने के बाद आज भी मीडिया अपने ढर्रे पर क़ायम है। गोया इनकी नज़रों में यही पत्रकारिता है।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# उन्नत रक्षा तकनीक और रिसर्च के नए रास्ते...



पवन सिंह

**भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे, भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन व अमेरिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है, हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है**


भारतीय सेनाओं ने भारत-पाक संघर्ष में अपनी युद्धकला का जिस तरह से मुजाहिरा किया है वह पूरे विश्व के हथियार बाजार के स्वरूप को बदल कर रख देगा। दुनियां की सबसे प्रोफेशनल और समर्पित व युद्ध की अनेक.नेक जबरदस्त पैतरेबाजी में माहिर भारतीय सेनाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन, संयमित व संतुलित मीडिया ब्रीफिंग के जरिए बहुत कुछ नए मानदंड स्थापित किए हैं। दुनियां की सभी सैन्य निर्माता कंपनियां इस सैन्य संघर्ष का बहुत ही बारीकी से अध्ययन कर रही हैं। दो-दो देशों द्वारा पाक की 'बैक डोर हथियार मदद' के बावजूद जिस तरह से भारतीय सेनाओं ने अपनी सीमा में बैठे-बैठे पाक द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 'उधार के हथियारों' की बैंड बजाई है, वह वैश्विक स्तर पर युद्ध विज्ञान, अनुसंधान और निर्माण की दिशा-दशा को नए आयाम देगी। निकट भविष्य में भारत में सैन्य तकनीक और विकास का एक नया दौर तेजी से बहुत सारे अवसर खोजे लेगा। देश के युवाओं के लिए निजी और सरकारी दोनों ही क्षेत्रों में जबरदस्त कार्य के अवसर खुलेंगे। रक्षा शोध और विकास संगठन ( **Defence Research and Development Organisation DRDO** ) भारत ने पहले ही इस दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं। डीआरडीओ ने निजी क्षेत्र को भविष्य की सैन्य तकनीक विकसित करने में मदद के लिए नई नीतियों बनाई हैं और उस पर अमल भी शुरू कर दिया है।

प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत मौजूदा सैन्य उत्पादों व प्रणालियों को और अधिक उन्नत व संवेदनशील बनाने के लिए वित्तीय सहायता और विशेषज्ञता प्रदान की जा रही है। डीआरडीओ ने अपनी सभी सैन्य प्रयोगशालाओं को इस तरह से डेवलप किया है कि रक्षा प्रौद्योगिकियों और उत्पादों को इस तरह से डिजाइन किया जाए कि वह भविष्य में होने वाले युद्धों का पासा पलट सके। रक्षा मंत्रालय अपनी टीडीएफ योजना के तहत इस बात पर जोर दे रहा है कि सैन्य उपकरणों/हथियारों की उत्पादन लागत भी कम हो और वो तेज व अचूक हों। भारत-पाकिस्तान के इस टकराव ने बता दिया है कि स्पीड और एक्युरेसी का तालमेल बाजी पलट सकता है। रक्षा मंत्रालय ने दिसम्बर, 2024 तक टीडीएफ योजना के अंतर्गत लगभग 335 करोड़ लागत की 80 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। जो जानकारी सूत्रों से मिली है उसके अनुसार रक्षा क्षेत्र में जो भारतीय उद्योग सक्रिय हैं उन्होंने 18 सैन्य तकनीकों पर बेहतरीन कार्य को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका में डिफेंस एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी (**DARPA**) और डीआरडीओ ने हाथ मिला लिया है और रक्षा क्षेत्र में भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों के साथ मिल कर कुछ बड़े अनुसंधानों पर कार्य आरंभ हो चुके हैं। रक्षा उत्पादन और रिसर्च के लिए **MSME** और **TART-UP** के तहत करीब 930 करोड़ रुपये की राशि की 264 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

वैश्विक रक्षा बाजार बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है और भारत अब अपने सैन्य हथियारों की बिक्री के लिए इस बाजार में घुस चुका है। वर्तमान में अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार विक्रेता है। अमेरिका के बाद फ्रांस व रूस हथियारों के बड़े सौदागर हैं। जबकि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार खरीदी करने वाला देश है। भारत के बाद यूक्रेन व सऊदी अरब अन्य बड़े हथियार खरीददार हैं। भारत अब विदेशी हथियारों की निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रहा है और वह निर्यातकों की सूची में शामिल हो चुका है। हथियारों के वैश्विक बाजार का आकार वर्ष, 2022 में 62.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 2030 तक यह 96.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर को भी पार कर जायेगा। भारत नेक्ष वैश्विक हथियार बाजार में एक छोटा कदम ही सही लेकिन बतौर हथियार निर्यातक देश, एक कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने 2022 में 15920 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण निर्यात किए थे।

भारत-पाकिस्तान का जारी संघर्ष चीन और अमे.रिकी लड़ाकू विमानों के बाजार का भविष्य तय कर रहा है। हथियार बाजार चीनी लड़ाकू विमान जे-10सी और अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 का बाजार भाव तय कर रहा है। भारत जहां मिसाइल तकनीक में महारथ हासिल कर चुका है वहीं लड़ाकू विमानों के अनुसंधान, विकास और उत्पादन के मामले में बहुत कुछ विदेशी खरीद पर निर्भर है। यह एक गंभीर चुनौती है और रक्षा मंत्रालय इस बड़ी चुनौती से कैसे निपटा है, यह समय बताएगा। फिलहाल बहुत तेजी से निजी क्षेत्र की भारतीय कंपनियों ने सैन्य उपकरणों, हथियारों के विकास की ओर कदम बढ़ाए हैं। टाटा स्पेन की कंपनी के साथ सैन्य विमान के निर्माण की ओर कदम बढ़ा चुका है। टाटा की इस औद्योगिक इकाई में सी 295 विमान बनाए जाएंगे जिसे स्पेनिश कंपनी **CASA** ने डिजाइन किया है और यह मध्यम सामरिक परिवहन विमान है। भारत की एक निजी क्षेत्र की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड के शेयर अचानक आसमान चढ़े हैं। यह कंपनी भारतीय सेना के लिए हैंड ग्रेनेड, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर से लेकर मिसाइल तक बना रही है। इस कंपनी ने वर्ष, 2011 में डिफेंस सेक्टर में कदम रखा था और यह ब्रह्मोस मिसा.इल का बूस्टर बनाने वाली पहली निजी क्षेत्र की कंपनी है। इसके अलावा टाटा एडवांस सिस्टम, एलएंडटी डिफेंस, पारस डिफेंस, महेंद्रा जैसी कई कंपनियां रक्षा क्षेत्र में सामने आई हैं। भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं वहीं रक्षा उपकरणों पर विद.ेशी निर्भरता कम होगी। यानी आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और निर्माण की दिशा पर बहुत तेजी से कार्य करने की जरूरत है। पढ़ेगा इंडिया रिसर्च करेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया।

# चीन और पाकिस्तान के बीच फंसता नेपाल





यशोदा श्रीवास्तव

**पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है, लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई**

पहलगाम आतंकी हमले का दंश नेपाल को भी झेलना पड़ा है। बुटवल के एक नागरिक सुदीप न्योपाने को उस हमले में अपनी जान गंवानी पड़ी थी। वे अपनी मां और बहन बहनोई के साथ कश्मीर घूमने गए थे। नेपाली लोग अमूमन किसी अन्य हिल स्टेशन पर नहीं जाते क्योंकि नेपाल स्वयं एक हिमालयी देश है जहां की वादियां और पहाड़ कश्मीर सरीखे ही हैं। लेकिन इधर कश्मीर निसंदेह आतंक मुक्त था इसलिए वहां पर्यटकों की आवाजाही में इजाफा होने लगा था। टुरिस्ट व्यवसाय से जुड़ा हर कश्मीरी खुशहाल हो रहा था। पहलगाम हमले से कश्मीर का टूरिस्ट उद्योग एक बार फिर छिन्न-भिन्न हुआ है। जाहिर है कश्मीर में जो शांति का माहौल था उससे भारत ही नहीं विदेशों के पर्यटक भी प्रभावित हो रहे थे। सुदीप न्योपाने और उनका परिवार भी उसमें से एक था। लेकिन इस परिवार को जो जख्म मिला, वह शायद ही फिर कभी इन्हें कश्मीर की ओर आकर्षित करने में कामयाब हो।

कश्मीर में सुदीप न्योपाने की हत्या से नेपाल में भी गम का माहौल था। ओली के नेतृत्व वाली हुकूमत ने भी इस पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आतंकियों की खूब मजम्मत की। आतंक के खिलाफ भारत के हर कदम पर खड़ा रहने का भरोसा भी दिया। लेकिन यह कैसा भरोसा था कि जब पहलगाम का बदला लेने के लिए भारत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा था तब पाकिस्तान के ग्यारह सैन्य अफसर नेपाल में प्रशिक्षण के लिए पंहुच गए। माना कि पाकिस्तान से नेपाल के रिश्ते भारत जैसे कटु नहीं है लेकिन ओली सरकार क्या अपने नागरिक की हत्या पर पाकिस्तान से जरा भी गुस्सा नहीं हुई। वे कहते हैं कि नेपाल सरकार अपनी धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए कदापि नहीं करने देगी तो क्या नेपाल में प्रशिक्षित पाकिस्तान के सैनिक भारत पर फूल बरसाते। भारत के लिए यह घटना चौंकाने वाली हो सकती है कि पाकिस्तान सशस्त्र बलों के विभिन्न संस्थानों में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके नेपाली सेना के पूर्व सैनिकों का एक सम्मेलन काठमांडू स्थित पाकिस्तान दूतावास में आयोजित किया गया।

इसके पहले पाकिस्तान के 11 सदस्यीय सैन्य अफसर नेपाल में 15 मई तक प्रशीक्षण पर हैं। नेपाली सेना के अनुसार पाकिस्तान के नेशनल सिक्योरिटी एंड वार कालेज के ये 11 पाकिस्तानी सैन्य अफसर 4 मई को एयर कमोडोर साद मंसूर अंसारी के नेतृत्व में नेपाल आए हैं। ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर 15 मई तक नेपाली सेना माउंटेन वार फेयर कालेज में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। काठमांडू स्थित पाक दूतावास पर आयोजित इस सम्मेलन में ये सभी पाकिस्तानी सैन्य अफसर मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाली सेना के पूर्व प्रमुख गौरव शमशेर राणा थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सेना प्रमुख राजेन्द्र क्षेत्री भी उपस्थित थे। सम्मेलन में पाकिस्तान दूतावास के सैन्य सलाहकार कर्नल मुहम्मद अली अल्वी ने नेपाल और पाकिस्तान के सैनिकों के बीच संबंधों और प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'पाकिस्तानी सशस्त्र बल नेपाली सेना की क्षमता निर्माण में भविष्य में भी सहयोग करता रहेगा'। इतना ही नहीं नेपाल के पूर्व सेना प्रमुख राणा ने यह तक कहा कि पाकिस्तानी संस्थानों के माध्यम से नेपाली सेना की क्षमता वृद्धि जैसे कार्यक्रम संस्था और इसमें भाग लेने वाले दोनों देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नेपाल में पाकिस्तान के राजदूत अबरार एच. हाशमी ने कहा कि नेपाल और पाकिस्तान के बीच संबंध आपसी विश्वास और हितों पर आधारित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों देशों के बीच वर्तमान सैन्य संबंध भविष्य में और मजबूत होंगे और नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे।

यह भी गौरतलब है कि ओली भारत के विरोध में हो सकते हैं, नेपाल की जनता भी हो, ऐसा नहीं है और तमाम सारे विपक्षी दल भी ओली के सुर में सुर मिलाएं, ऐसा भी नहीं है। नेपाल में पाकिस्तानी सैन्य अफसरों की मौजूदगी की निंदा काठमांडू में खूब हुई। तमाम विरोधी दलों के नेताओं ने ओली के इस कदम को गैरवाजिब ठहराया। नेपाल प्रतिनिधि सभा के पूर्व सदस्य अभिषेक प्रताप शाह ने कहा है कि नेपाल सरकार को ऐसे किसी भी आयोजन से बचना चाहिए जो पड़ोसी राष्ट्र की भावनाओं को आहत करता हो। यह बताने की जरूरत नहीं है कि नेपाल चीन की गोद में बैठने को बेताब है और भारत पाक के बीच युद्ध जैसे हालात के दरम्यान चीन की क्या भूमिका थी? लेकिन भारत चीन के पहले नेपाल का न केवल पड़ोसी बल्कि बड़े भाई जैसा मित्र राष्ट्र है। ओली को इतना तो जरूर सोचना चाहिए था कि यदि पाकिस्तान के सैन्य अफसरों का नेपाल में प्रशिक्षण जरूरी है तो वह इसे कम से कम भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे फायरिंग के समय तक होल्ड कर सकते थे। नेपाल में कोई भी सरकार हो, सभी कहते हैं कि नेपाल की धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होगा। लेकिन इस पर अमल नहीं हो पाता। नेपाल की धरती से छिटपुट आतंकी घटनाओं को नजरंदाज भी कर दें तो 1999 में काठमांडू हवाई अड्डे से आतंकियों द्वारा भारतीय यात्रियों से भरे भारतीय जहाज का अपहरण कैसे भूला जा सकता है? अभी बुद्ध पूर्णिमा के दिन भारत सीमा से सटे भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी से ओली ने शांति, प्रेम और करुणा पर खूब लंबा चौड़ा ज्ञान बांटा। काश नेपाल के प्रधानमंत्री ओली बुद्ध के दिखाए मार्ग पर थोड़ा भी चल पाते!

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# चेहरे की खूबसूरती बरकरार रखने में फायदेमंद हो सकती है फिटकरी



चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन गर्मियों में स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि गर्म हवाओं की वजह से फेस पर अलग-अलग तरह की परेशानियां हो सकती हैं। जिससे महिलाएं परेशान हो जाती हैं। वहीं अगर आपको गर्मी के मौसम में स्किन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, आप घर पर ही अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बना सकती हैं। चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। गर्मी में छोटी-मोटी परेशानियां चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती हैं। आप इन समस्याओं से बचने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं फिटकरी भी फेस के लिए फायदेमंद हो सकती है।

### फिटकरी से बनाएं टोनर

ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो आप फिटकरी से टोनर भी बना सकती हैं। इसके लिए फिटकरी को एक कंटेनर में डाल दें। अब इसमें थोड़ा सा पानी डालकर कुछ देर के लिए रख दें। अब इस पानी को स्प्रे बॉटल में छानकर भर लें। फिर इस पानी से फेस पर स्प्रे करके इस्तेमाल करें। इसको फेस पर स्प्रे करने के बाद हल्के हाथों से मसाज करें।

### ऐसे बनाएं फेस पैक

आप फिटकरी की सहायता से घर पर फेसपैक बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। फेस पैक बनाने के लिए एक कंटेनर में सबसे पहले थोड़ा सा फिटकरी पाउडर लें। अब इसमें हनी मिक्स करें और राइस फ्लोर मिक्स करें। अब इसमें रोज वॉटर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इस तरह से फेस पैक बनकर तैयार हो जाएगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

इसको फेस पर अप्लाई करके 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे आपकी त्वचा ग्लोइंग हो सकती है और डार्क स्पॉट्स भी हल्के हो सकते हैं। फेस पर इसको अप्लाई करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोकर सुखा लें। चेहरा धोने के बाद ही फिटकरी का इस्तेमाल करें।

# तुर्की को पर्यटन व्यवसाय में भारत से करारा झटका

## 270 करोड़ का व्यवसाय चौपट

**नई दिल्ली।** भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को खुला समर्थन देने वाले तुर्की और अजरबैजान का हुक्का-पानी बंद करना शुरू कर दिया है। जिन भारतीयों ने इन देशों की यात्रा के लिए बुक किए थे, उन्होंने अपने टिकट रद्द करने शुरू कर दिए हैं। मेक माय ट्रिप के प्रवक्ता ने बताया कि बीते एक हफ्ते में भारतीय यात्रियों ने इन देशों के लिए काफी कम उत्साह दिखाया है। अजरबैजान और तुर्की के लिए बुकिंग में 60 फीसदी की कमी आई है, जबकि इसी अवधि के दौरान टिकट के रद्द होने में 250 फीसदी उछाल आया है। प्रवक्ता ने कहा, अपने देश के साथ एकजुटता और अपने सशस्त्र बलों के प्रति गहरे सम्मान के कारण हम इस भावना का मजबूती से समर्थन करते हैं और सभी को अजरबैजान और तुर्की की सभी गैर-जरूरी यात्रा न करने सलाह देते हैं।

हमने अपने प्लेटफार्म पर इन दोनों गंतव्यों पर पर्यटकों को जाने के लिए प्रोत्साहित करने वाले सभी विज्ञापन और आफर पहले ही बंद कर दिए हैं। ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की पूर्व अध्यक्ष ज्योति मयाल ने कहा, भारत और पाकिस्तान संघर्ष में तुर्की के ड्रोन इस्तेमाल करना हमारी भावनाओं के खिलाफ गया। हमने पर्यटन के क्षेत्र में इन दोनों देशों की बहुत मदद की है। खासतौर पर कोरोना महामारी के बाद तो हमने इनका और भी ज्यादा समर्थन किया। पिछले साल भारत से तुर्की 3,30,000 लोग गए। तुर्की की अर्थव्यवस्था में हमारा करीब चार हजार करोड़ का निवेश है। यहां तक कि हमारे बीच व्यापार का आकार भी बहुत बड़ा है। लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उनको लगा है कि तुर्की और अजरबैजान बिल्कुल नहीं जाना चाहिए। 50 फीसदी बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। हमारे बड़े टूर आपरेटर्स ने टिकट बेचना बंद कर



दिया है, क्योंकि पर्यटन शांति और लोगों के आपसी संबंधों के बारे में है। पिछले महीने 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। इनमें अधिकांश पर्यटक शामिल थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए आपरेशन सिंदूर शुरू किया।

गाला डिनर



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनकी पत्नी गीता हैदराबाद के चौमहल्ला पैलेस में मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगियों के साथ भव्य रात्रिभोज के दौरान।

## प्राकृतिक संसाधन समझौते को अंतिम रूप दे रहा यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन ने मंगलवार को अमेरिका को एक आधिकारिक नोट सौंपा, जिसमें द्विपक्षीय प्राकृतिक संसाधन सौदे के लिए अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं के पूरा होने की पुष्टि की गई है, जो यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए एक संयुक्त निवेश कोष की स्थापना करेगा। इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन की प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने कीव में अमेरिकी दूतावास में प्रभारी डी एफ़ेयर एआई जूली डेविस को नोट सौंपा। गौरतलब है कि यूक्रेन के खनिज संसाधनों, गैस और तेल पर नई रॉयल्टी द्वारा आंशिक रूप से वित्तपोषित इस कोष की स्थापना के लिए समझौते पर 30 अप्रैल को वाशिगटन, डीसी में सु. स्विरीडेंको और अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। सु. स्विरीडेंको के अनुसार दोनों देश इस कोष का सह-प्रबंधन और सह-वित्तपोषण करेंगे, जबकि यूक्रेन अपने खनिज और ऊर्जा संसाधनों पर स्वामित्व तथा पूर्ण नियंत्रण बनाए रखेगा।

## चीन के शीर्ष अधिकारियों ने भारत, पाकिस्तान के राजदूतों से की मुलाकात

**बीजिंग/इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद चीन के शीर्ष अधिका. रियों ने बीजिंग में भारतीय और पाकिस्तानी राजदूतों से अलग-अलग मुलाकात की। चीन के विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के महा. निदेशक लियू जिनसोंग ने सोमवार को चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने चीन-भारत संबंधों और साझा हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। वहीं मंगलवार को चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेदोंग ने पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी से उनके अनुरोध पर मुलाकात की। वेदोंग और पाक राज. दूत की मुलाकात में दोनों ने संबंधों और क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय हालात पर चर्चा की। वेदोंग ने भारत-पाक के बीच पूर्ण और स्थाई संघर्ष-विराम का समर्थन करते हुए बातचीत के जरिए मतभेद सुलझाने की अपील की और क्षेत्रीय शांति में चीन की रचनात्मक भूमिका जारी रखने की बात कही।

## अमेरिकी-सऊदी में 12.1 लाख करोड़ की डिफेंस डील

**रियाद।** अमेरिका और सऊदी अरब ने मंगलवार को 142 बिलियन डालर (12.1 लाख करोड़ रुपये) की डिफेंस डील पर साइन किए। व्हाइट हाउस ने इसे इतिहास की सबसे बड़ी डिफेंस डील बताया है। इस समझौते में सऊदी अरब को C-130 ट्रांसपोर्ट विमान, मिसाइलें, रडार सिस्टम और कई एडवांस हथियार दिए जाएंगे। ये लाकहीड मार्टिन, बोइंग, और नार्थराप ग्रुम्मन जैसी अमेरिकी कंपनियों से मिलेंगे। डोनाल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले आधिकारिक विदेश दौरे पर सऊदी अरब पहुंचे। वे चार दिन के मिडिल ईस्ट दौरे पर पहले सऊदी अरब पहुंचे हैं, फिर कतर और UAE जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने डील के पेपर एक्सचेंज किए। क्राउन प्रिंस डठै से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने रियाद में सऊदी-अमेरिका इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सऊदी और अमेरिका के बीच 80 साल की साझेदारी का जिक्र किया। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कुछ ही दिन पहले ही मेरी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर मध्यस्थता की। मैंने ऐसा करने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प ने फोरम के मंच से घोषणा की कि वह सीरिया से लगे प्रतिबंध हटा रहे हैं, ताकि देश को आर्थिक जीवनदान मिल सके। ट्रम्प बुधवार को सीरिया के नए राष्ट्रपति से भी मिलेंगे। ट्रम्प ने कहा वो ईरान के साथ समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनका प्रस्ताव ठुकराया गया तो वो ईरान का आयल एक्सपोर्ट जीरो कर देंगे। ट्रम्प ने कहा- उन्हें उम्मीद है कि सऊदी अरब भी अब्राहम अकार्ड में शामिल होगा। यह समझौता 2020 में अमे. रिकी की मध्यस्थता में इजरायल, UAE, बहरीन, सूडान और मोरक्को के बीच हुआ था।

## उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस मुजिका का निधन

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे के पूर्व राष्ट्रपति जोस पेपे मुजिका का मंगलवार को 89 वर्ष की आयु में मोंटेवीडियो में निधन हो गया। उरुग्वे के राष्ट्रपति यामांडू ओरसी ने इसकी पुष्टि की। मुजिका ने जनवरी में घोषणा की थी कि उनका एसोफैजियल कैंसर जिसका पहली बार अप्रैल 2024 में निदान किया गया था उनके लीवर में फैल गया है। उन्होंने कहा कि वह आगे का इलाज नहीं करवाएंगे।

ओरसी ने सोशल मीडिया पर लिखा, गहरे दुख के साथ हम अपने साथी पेपे मुजिका-पूर्व राष्ट्रपति, कार्यकर्ता, नेता और मार्गदर्शक के निधन की घोषणा करते हैं। हम आपको बहुत याद करेंगे पुराने दोस्त। आपने हमें जो कुछ भी दिया और अपने लोगों के लिए आपके गहरे प्यार के लिए धन्यवाद। गौरतलब है कि स्थानीय साप्ताहिक बुस्केदा के साथ एक साक्षात्कार में मुजिका ने कहा था।

# बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का ऐलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं हैं। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सड़कों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। बलूच लोगों का राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है और दुनिया अब मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नागरिकों ने अपील की कि वे बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया, तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

मीर यार बलूच ने कहा कि दुनिया को पाकिस्तान के एकतरफा बयान पर भरोसा नहीं करना चाहिए। पाकिस्तान बलूचिस्तान के नेता के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर और 27 मार्च 1948 को बलूचिस्तान के पाकिस्तान में शामिल होने के समारोह में अंतर्राष्ट्रीय या तीसरे देश की भागीदारी को साबित करने वाला एक भी कागज और कानूनी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि एक बार जब हमें संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता और स्वतंत्रता मिल जाएगी तो हम अपने आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए मैत्रीपूर्ण और दीर्घकालिक संबंध बनाएंगे, शांति बनाए रखेंगे और वैश्विक आर्थिक मंदी को रोकने, जलवायु परिवर्तन और गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने में मदद करेंगे।

# आईएमएफ ने पाक को जारी की दूसरी किश्त

### रु. 8400 करोड़ की किश्त जारी

**इस्लामाबाद।** इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को 1.02 अरब डॉलर (करीब 8400 करोड़ रुपये) की दूसरी किश्त बुधवार को जारी कर दी है। आईएमएफ ने इससे पहले 9 मई को पाकिस्तान को एक बिलियन डॉलर का कर्ज दिया था। पाकिस्तान को यह फंड एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) प्रोग्राम के तहत दी गई है। पाकिस्तान को सितम्बर 2024 में 7 बिलियन डालर का 37महीने का ईएफएफ मंजूर हुआ था, जिसमें 1 बिलियन डालर तुरंत जारी किया गया था। आज की रकम जोड़ दें, तो आईएमएफ से पाकिस्तान को ईएफएफ प्रोग्राम के तहत 3.1 बिलियन डालर की रकम मिल चुकी है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने कहा कि दूसरी किश्त की राशि 16 मई तक आ जाएगी। वहीं, पाकिस्तान में भारतीय हमले में मरने वालों की संख्या 13 हो गई है। पाकिस्तान ने मंगलवार को कबूल किया था कि भारत की ओर से लान्च किए गए आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी सेना के 11 जवान मारे गए हैं। इसके अलावा 78 सैनिक घायल भी हुए थे। इन्हीं घायलों में से आज 2 की मौत हुई है।



## उधमपुर, कठुआ के कुछ हिस्सों में शैक्षणिक संस्थान खुले

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जनजीवन सामान्य होने के साथ ही उधमपुर और कठुआ जिले के कुछ हिस्सों सहित गैर-सीमावर्ती क्षेत्रों में बुधवार को सभी शैक्षणिक संस्थान फिर से खुल गए। अधिकारियों ने यहां बताया कि नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया गया था और करीब एक सप्ताह बाद शैक्षणिक संस्थानों को आज फिर से खुल दिया गया।

## पेरू के प्रधानमंत्री एड्रियनजेन ने दिया इस्तीफा

**लीमा।** पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनज़ेन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। एड्रियनजेन ने कांग्रेस द्वारा उन्हें हटाने की मांग करने वाले कम से कम तीन प्रस्तावों पर बहस करने से कुछ घंटे पहले इस्तीफा दिया। उन्होंने टेलीविज़न पर अपने संबा. धन में कहा, राष्ट्र के उच्च हितों को ध्यान में रखते हुए मैं मंत्रिपरिषद के अध्यक्ष के पद से अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफ़ा देने के लिए बाध्य महसूस कर रहा हूं। एड्रियनजेन के साथ उनकी कैबिनेट और राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे भी मौजूद थी, जिन्होंने लगातार उनका बचाव किया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की।

# ऑपरेशन सिंदूर पाक कब्जे के लिए नहीं था

### अमेरिकी एक्सपर्ट बोले: रणनीतिक मकसद के लिए था, भारत ने चार दिन में पूर्ण किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिलिट्री एक्सपर्ट जान स्पेंसर ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपने रणनीतिक मकसद को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह आपरेशन पीओके पर कब्जे या फिर पाकिस्तान की सत्ता बदलने की मकसद से नहीं शुरू किया गया था। एक्सपर्ट ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। कुछ लोग इसे सीजफायर कह सकते हैं, लेकिन यह विराम नहीं है। फिलहाल भारत ने एक बड़ी जीत हासिल कर ली है। स्पेंसर के मुताबिक भारत ने पहले की तरह न तो संयुक्त राष्ट्र का दरवाजा खटखटाया और न ही पाकिस्तान को चेतावनी दी। भारत ने सीधे लड़ाकू विमान भेजे और सटीक हमला किया। उन्होंने कहा कि भारत ने इस आपरेशन के जरिए आतंक के खिलाफ उसकी रणनीति को नए स्तर पर पहुंचाया और पाकिस्तान को भी साफ संदेश दिया है कि आतंक का जवाब युद्ध से मिलेगा। जान स्पेंसर माडर्न वार इंस्टिट्यूट में चेयरमैन हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन एयर फोर्स ने 7 मई को पाकिस्तान में 9 ठिकानों पर सटीक हमला किया था। इससे पाकिस्तान और पीओके में मौजूद अहम आतंकी शिविर तबाह हो गए।

# पाक सेना के समर्थन में जुटे हजारों आतंकवादी

## पहले कराची में निकाली रैली, भारत विरोधी भाषण दिए

**इस्लामाबाद।** कराची में 12 मई को हजारों कट्टरपंथी नेताओं और आतंकवादियों ने पाकिस्तान सेना के समर्थन में रैली की। इस रैली में लश्कर-ए-तैयबा और अहले सुन्नत वल जमात शामिल थे। दोनों ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी संगठन घोषित हैं। ऑपरेशन बनयान-उन- मर्सूस का जश्न मनाते हुए रैली में आतंकियों और कट्टरपंथी नेताओं ने बुलेटप्रूफ ग्लास के पीछे खड़े होकर भारत विरोधी भाषण दिए। पाकिस्तान की दिफा-ए-वतन काउंसिल की दिफा-ए-वतन रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। यह रैली भारतीय सेना के खिलाफ पाकिस्तानी सेना के ऑपरेशन का जश्न मनाने के लिए निकाली गई थी। दिफा-ए-वतन नाम की इस रैली का आयोजन जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल JUI-F के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने किया था। पाकिस्तान के कराची में दिफा-ए-वतन काउंसिल के तहत जमा हुए कट्टरपंथी नेताओं ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ की। यहां भारत विरोधी भाषण दिए गए और दोनों देशों के तनाव को धर्म से जोड़कर पेश किया गया। इस रैली में प्रतिबंधित समूह लश्कर-ए-तैयबा और अहल-ए-सुन्नत वल जमात के आतंकी शामिल हुए। दिफा-ए-वतन काउंसिल पाकिस्तान के धार्मिक और राजनीतिक संगठनों का गठबंधन है। इसका मकसद देश की रक्षा करना है। इस रैली में कई कट्टरपंथी मौलाना भी शामिल भी शामिल हुए। इन्होंने भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबा. जी की और दोनों देशों के संघर्ष को धर्म से जोड़कर पेश किया। कट्टरपंथी मुफ्ती तारिक मसूद ने कहा कि पाकिस्तान के गद्दार PAK आर्मी को सेक्युलर कहते हैं, जबकि हमारे दुश्मन हमारी आर्मी को मजहबी आर्मी कहते हैं।



इस युद्ध को जीतने के बाद यह तय हो गया है कि हमारी सेना सेक्युलर नहीं है। यह एक ऐसी सेना है जो शहादत (बलिदान) का जुनून रखती है और मजहब और इस्लाम के नाम पर, अल्लाह के नाम पर अपनी जान कुर्बान कर देती है। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (सिंध) के महासचिव अल्लामा राशिद महमूद ने भारत को खुलेआम धमकी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी आर्मी ने इजराइली ड्रोनों को गिराकर उसका घमंड चकनाचूर कर दिया। फ्रांस के राफेल जेट को मार गिराया और रूस में बनें -400 डिफेंस सिस्टम को भी तबाह कर दिया। इससे रूस को भी पता चल गया है कि पाकिस्तान से पंगा लेने से पहले तुम्हें सौ बार सोचना चाहिए।

# 3 महीने से गाजा में अनाज का दाना नहीं

**गाजा।** गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। इजरायल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजरायली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की है।

इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजरायल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। यूएन की वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि उनके पास खाने



गाजा में कुपोषण से जूझती एक बच्ची, जो नवंबर में जन्मी है, इसने सिर्फ युद्ध ही देखा है।

का स्टाक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजरायल, मिस्र और जार्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में WFP के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने की बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का भोजन ही बना पा रही है। यूएन और यूरोपीय देशों ने इजरायल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है।

अगर इजरायल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 13 मई को एक बयान में कहा कि वे हमास को खत्म करने के लिए जंग जारी रखेंगे।